


कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने 27.74 करोड़ खाता धारकों को बड़ी राहत प्रदान की है। ईपीएफओ ने ऑटो क्लेम सुविधा का दायरा बढ़ा दिया है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 133 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"जो व्यवहार आपको दूसरों से अपने लिए पसंद ना हो, ऐसा व्यवहार दूसरों के साथ भी ना करें।" - भगवत गीता

## मन की बात



"जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है।" -विवेकानंद

## जनता के संघर्ष बढ़ा रही भाजपा सरकार: प्रियंका गांधी

**अमेठी:** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में चुनावी सभाओं में भाजपा पर हमला बोला। कहा कि पिछले पांच सालों में यहां एक नई राजनीति आई। स्थानीय सांसद पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका एकमात्र मकसद था राहुल गांधी को हराना था न कि जनता की सेवा करना। इसके लिए झूठ बोला गया। कई तरह के आरोप कांग्रेस पर लगाए गए। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज यहां आई तो 20 साल पहले का चुनाव याद आ गया। 1999 का चुनाव याद आ गया। मेरी मां जब चुनाव लड़ीं तो उनके भी मन में वही भाव था जो मेरे पिताजी के मन में था कि अमेठी की सेवा करनी है। जब मैं बचपन में आती थी तो यहां की जमीन सफेद दिखती थी। मैं अपने पिता से पूछती थी कि जमीन सफेद क्यों दिख रही है तो वो कहते थे कि इसमें नमक है।

# मोदी ने तीसरी बार किया नामांकन

● रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले आचार्य गणेश्वर शास्त्री भी प्रस्तावकों में शामिल

**संपत्ति का ब्योरा**

पीएम मोदी के पास न कार, न खुद का घर: पांच साल में संपत्ति 87 लाख बढ़कर 3.02 करोड़ हुई



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार पार्टी उम्मीदवार के रूप में मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। वाराणसी सीट पर सातवें एवं अंतिम चरण में 01 जून को मतदान होगा। मंगलवार को सातवें चरण के नामांकन का अंतिम दिन था। प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्य नक्षत्र में कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के बाद प्रधानमंत्री काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दर पर पहुंचे, वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर नामांकन किया। मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की थी। काल-भैरव मंदिर में पूजन और कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र के रहे। गंगा पूजन के बाद प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे। नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काल भैरव के दर्शन-पूजन एवं आरती करने पहुंचे और यहां से कलेक्ट्रेट पहुंचे। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा की। पूरा मंदिर व आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव की गूंज से गुंजायमान हो उठा। प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और दलित समाज के संजय सोनकर शामिल हैं।

### भगवा गढ़ में भगवा माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो में कई अद्भुत नजारे देखने को मिले। शहर की हृदय स्थली कहा जाने वाला गोदौलिया चौराहा तो देखते ही बन रहा था। पूरे सड़क पर केसरिया पट्टों से सजाया गया। साथ ही रंग-बिरंगी लाइटें व झालर मानो कह रही हों कि आपका हार्दिक स्वागत है। गोदौलिया चौराहे पर बने विशाल मंच पर 251 संस्कृत के बटुकों ने साउंड सिस्टम के द्वारा काफी देर तक वैदिक मंत्रोच्चार का पाठ किया। 101 शंखों के माध्यम से शंखनाद किया और पीएम को विजयी भव: का आशीर्वाद दिया। मंच के व्यवस्थापक भाजपा नेता व विप्र समाज काशी के अध्यक्ष डॉ.पवन शुक्ला ने बताया कि तमिलनाडु से आए दल के 11 सदस्यों ने बड़े-बड़े तुरही (एक अलग प्रकार का वाद्य यंत्र) बजाकर मोदी का स्वागत किया। यहां पर गंगा आरती की भी झलक दिखी। जिसमें सुबह ए बनारस के सात विद्यार्थियों ने आरती की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की आठ फोटो एक्स पर पोस्ट की। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि काशीवासियों का एक ही संकल्प - फिर एक बार, प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार...।

## सरकार आते ही कूड़े में फेंक देंगे अग्निवीर योजना: राहुल



**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसी:** लोकसभा चुनाव में जीत का झंडा लहराने के लिए सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को झांसी में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों का चुनाव हो चुका है, जो साथी जानकार होंगे वो जानते होंगे भाजपा का ग्राफ गिरता जा रहा है। इस बार झांसी के लोग भाजपा की विदाई की झांकी तैयार कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हमारा किसान परेशान हो गया। हमारे किसानों की लूट हो गई, जब किसान खाद की बोरी लेकर के आया, खाद की बोरी से भी चोरी हो गई और जब डीएपी किसान खरीदने गया तो फिर यूरिया खरीदनी पड़ी। जब भी उत्तर प्रदेश में कोई परीक्षा हुई इनका पेपर रद्द हुआ, जितनी परीक्षा हुई सबके पेपर लीक हुए। हम इंडिया गठबंधन के लोग भरोसा देकर जा रहे हैं 4 जून के बाद सरकार बनने जा रही है, न केवल नौकरी के मौके मिलेंगे, अग्निवीर योजना को समाप्त करेंगे। अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा वालों ने जबरदस्ती लोगों को वैक्सीन लगवा दी, जिन्होंने वैक्सीन लगवाई है उनको दिल की बीमारी जल्दी हो जाएगी। सब दवाइयां महंगी हो गईं, गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है। हम गरीबों के लिए राशन की गुणवत्ता बढ़ाएंगे, मात्रा बढ़ाएंगे, और आटा के साथ डाटा भी मुफ्त देंगे।

### देश में करोड़ों लखपति बनाएंगे: राहुल गांधी

राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्जा माफ कर दिया। जबकि, यूपीए की सरकार ने किसानों का 72000 करोड़ रुपये कर्ज माफ किया था। बोले कि जब यूपीए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पीएम ने अरबपतियों का माफ किया है, उतना पैसा गरीबों के खाते में भेजेंगे। महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब परिवारों की लिस्ट बनाएंगे। हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में हर महीने 8,500 हजार रुपए भेजेंगे।

## 270 सीट लेकर बहुमत प्राप्त कर चुके हैं पीएम मोदी: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के बनगांव में एक जनसभा के दौरान एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि चार चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। बंगाल में 18 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। आज मैं बता कर जाता हूं कि 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा, उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती, ये नरेन्द्र मोदी का वादा है। उन्होंने कहा कि यहां पर (बंगाल में) कटमनी, घुसपैठ, बम धमाके और सिंडिकेट राज... ममता दीदी नहीं बंद कर सकती हैं, इसे सिर्फ मोदी जी ही बंद कर सकते हैं।

**दावा**

380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है

## वकालत का पेशा कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे से बाहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि वकीलों को उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं लाया जा सकता है। मंगलवार को जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि प्रोफेशनल्स को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता कोर्ट के एक फैसले को निरस्त करते हुए कहा कि वकीलों को उपभोक्ता संरक्षण कानून की धारा 2(ओ) के तहत उसकी सेवा में कमी का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी प्रोफेशनल के लिए उच्चस्तरीय शिक्षा, स्किल और मानसिक श्रम की जरूरत होती है। किसी प्रोफेशनल की सफलता के कई कारक होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अधीन लाने वाले इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बनाम वीपी शांता के फैसले पर दोबारा विचार करने की जरूरत बताई। कोर्ट ने कहा कि प्रोफेशनल्स का काम व्यापार और व्यवसाय से अलग होता है।



## भीमा कोरेगांव मामले में गौतम नवलखा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने भीमा कोरेगांव मामले के नजरबंद आरोपित गौतम नवलखा को जमानत दे दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले के ट्रायल में काफी समय लगेगा। कोर्ट ने कहा कि गौतम नवलखा को अपनी नजरबंदी के दौरान सुरक्षा पर आए 20 लाख रुपये का खर्च देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने 10 नवंबर 2022 को गौतम नवलखा को घर में नजरबंद करने का आदेश दिया था।

## ईडी शराब नीति केस में आप को बनाएगी आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब नीति केस में अब आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जाएगा। ईडी के वकील ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि मामले की अगली चार्जशीट में हम ये करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार 14 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बात कही। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया की जमानत का विरोध किया। सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडी और सीबीआई सिर्फ लोगों को गिरफ्तार कर रही है। ट्रायल के दौरान उनसे कोई सवाल नहीं होते। सिसोदिया की 8 मई को हुई पिछली सुनवाई में ईडी और सीबीआई के वकीलों ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा था कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय चाहिए। 3 मई की सुनवाई में कोर्ट ने ईडी-सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। साथ ही सिसोदिया को बीमार पत्नी सीमा से हफ्ते में एक बार मिलने की परमिशन भी दी थी।



**शिकंजा**

हाईकोर्ट में सिसोदिया की जमानत के विरोध में कहा- अगली चार्जशीट पेश करेंगे

**सिसोदिया को पिछले साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था:** मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को सीबीआई ने करीब 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

## थोक महंगाई दर 13 महीने के उच्चतम स्तर पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को झटका देने वाली खबर है। थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में सालाना आधार पर उछलकर 13 महीने के उच्चतम स्तर 1.26 फीसदी पर पहुंच गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाने-पीने की चीजों की कीमत बढ़ने से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में 1.26 फीसदी रही है। इससे पहले मार्च 2023 में थोक महंगाई दर 1.34 फीसदी थी। पिछले महीने मार्च में 0.53 फीसदी थी, जबकि फरवरी महीने में 0.20 फीसदी और जनवरी में 0.27 फीसदी रही थी।



## रामदेव-बालकृष्ण अवमानना केस पर फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भेजे अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही दोनों को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद को एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफिडेविट में यह बताएं कि जिन प्रोडक्ट्स का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है, उनका विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बेंच ने कहा- बाबा रामदेव का बहुत प्रभाव है, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करें। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- रामदेव ने योग के लिए बहुत कुछ किया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली बोलीं- उन्होंने योग के लिए जो किया है वह अच्छा है, लेकिन पतंजलि प्रोडक्ट्स एक अलग मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रेसिडेंट डॉ. आरवी अशोकन से कहा- अभिव्यक्ति की आजादी ठीक है, लेकिन कभी-कभी इंसान को संयमित भी होना पड़ता है। आप सोफे पर बैठकर अदालत के बारे में कुछ भी नहीं कह सकते। अगर दूसरा पक्ष इस तरह की टिप्पणी करता तो आप क्या करते? आप दौड़कर कोर्ट पहुंच जाते। अशोकन ने बिना शर्त माफी मांगी।

दरअसल, 23 अप्रैल की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आईएमए को अपने डॉक्टरों पर भी विचार करना चाहिए।



**सुनवाई**

आईएमए चीफ ने कोर्ट से माफी मांगी, बेंच ने कहा- सोफे पर बैठकर कुछ भी नहीं बोल सकते

## यात्री वाहन की बिक्री 1.3 फीसदी बढ़कर 3,35,629 इकाई हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3 फीसदी बढ़कर 3,35,629 इकाई पर पहुंच गई है। इससे पिछले साल अप्रैल, 2023 में यह 3,31,278 इकाई रही थी। ऑटोमोबाइल उद्योग निकाय सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। सियाम के मुताबिक अप्रैल 2023 में कंपनियों से डीलरों तक यात्री वाहनों की डिलीवरी 3,31,278 इकाई थी। उद्योग संगठन सियाम की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 17,51,393 इकाई पर पहुंच गई जबकि अप्रैल 2023 में यह 13,38,588 इकाई रही थी। अप्रैल में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 14.5 फीसदी बढ़कर 49,116 इकाई हो गई।

**घेरा** भतीजे और हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना की अश्लील वीडियो लीक होना एक साजिश

## रेवन्ना की अश्लील वीडियो लीक होना एक साजिश: कुमारस्वामी

**बंगलूरू**

**कर्नाटक** का अश्लील वीडियो कांड काफी विवादों में है। इस बीच जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उनके भतीजे और हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना की अश्लील वीडियो लीक होना एक साजिश है। इसके पीछे कोई बड़ी व्हेल शामिल हो सकती है। कुमारस्वामी का यह कटाक्ष कहीं न कहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ था।

**राजनीति से प्रेरित विधायक रेवन्ना की गिरफ्तारी:** प्रज्वल रेवन्ना मामले के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए मंगलवार को कुमारस्वामी ने कहा कि वकीलों की दलीलें सुनने पर ऐसा लगा कि विधायक एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी नफरत की राजनीति से प्रेरित थी। पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की प्रतिष्ठा को खराब करने के लिए रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। डीके शिवकुमार ने दी



**आरोप**

विधायक एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी नफरत की राजनीति से प्रेरित थी: कुमारस्वामी

**प्रतिक्रिया:** देवेगौड़ा को बदनाम करने की साजिश के लिए विधायक रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया, इस सवाल पर उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है।

मुझे भी रेवन्ना लिए दुख हो रहा है। वे जो चाहते हैं उन्हें सोचने दें लेकिन मैं किसी के लिए कुछ भी बुरा नहीं चाहता। मुझे यह पसंद नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे भी बहुत कुछ सहना पड़ा है। बहुत राजनीतिक साजिश का सामना मैंने भी किया है। मैं मजबूत और आत्मविश्वास से भरा हूं। भगवान ने मेरी रक्षा की।

**सशर्त जमानत पर छूटे एचडी रेवन्ना:** महिला के अपहरण मामले में घिरे जेडी-एस नेता एचडी रेवन्ना जेल से बाहर निकल आए हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने एक महिला का अपहरण किया और उसके बाद प्रज्वल ने उस महिला के साथ दुष्कर्म किया।

## चीन सीमा पर खोले जाएंगे पीएम जन औषधि केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी, जिनका संचालन पूर्व सैनिक करेंगे। इसी सिलसिले में भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने चीन सीमा पर सिक्किम से लगे क्षेत्रों का दौरा करके पूर्व सैनिकों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले को पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सुविधा को और अधिक मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव डॉ. नितेन चंद्रा ने सोमवार भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के आउटरीच कार्यक्रम 'समाधान अभियान' के एक हिस्से के तहत सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि राज्य सैनिक बोर्ड और जिला सैनिक बोर्डों को पूरे क्षेत्र में सामान्य सेवा केंद्र और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। डॉ. नितेन चंद्रा ने बताया कि सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में खुलने वाले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन पूर्व सैनिक करेंगे। उन्होंने गंगटोक में सिक्किम के मुख्य सचिव वीबी पाठक से मुलाकात करके पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य रोडमैप पर चर्चा की।




**योजना**

सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में जन औषधि केन्द्रों से पूर्व सैनिकों को मिलेगा फायदा

# हाईवे पर बेकाबू कार दूसरी दिशा में ट्रक से भिड़ी, छह लोगों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**हापुड़:** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। सोमवार देर रात एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर घायल है। कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार से शवों को निकाला। जानकारी के अनुसार, हापुड़ जिले में नेशनल हाईवे 09 पर अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार दूसरी तरफ पहुंच गई। जिसे तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में कार सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तुरंत ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। सोमवार की रात करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार कार हापुड़ से मुरादाबाद की तरफ जा रही थी। कोतवाली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर गांव अल्लाबख्शपुर के पास पहुंचने पर चालक नियंत्रण खो बैठा और कार हाईवे पर बने डिवाइडर से टकरा गई। रफ्तार अधिक होने के चलते डिवाइडर से टकरा कर कार मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले मार्ग पर जाकर पलट गई। इस दौरान दूसरी दिशा से आ रहे ट्रक कार से टकरा गया। हादसा इतना भयंकर था कि टक्कर होने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। वाहनों के टकराने की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण जाग गए, जो तुरंत ही मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना देते हुए ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन कार में फंसे लोग काफी देर तक नहीं निकल सके। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कार को काटकर सभी घायलों को बाहर निकाला। जिन्हें तुरंत ही एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं सचिन पुत्र राम किशन निवासी डालू हेड़ा जिला मेरठ की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। घायल ने बताया कि कार में उसके साथ अनुपम, अंकित, जीतू, शंकर, संदीप और एक अज्ञात मौजूद थे। सभी लोग गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र के रहने वाले थे। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे वाहनों के पहिए थम गए, इसके अलावा ग्रामीणों और पुलिस ने घायलों को निकालने का प्रयास शुरू कर दिया। जिससे हाईवे पर दोनों तरफ जाम लग गया। जाम में फंसकर राहगीरों को दिक्कत हुई।



## मृतकों की हुई पहचान

- रोहित सैनी (33) पुत्र स्वर्गीय रामकिशन सैनी निवासी मकान नंबर 335, न्यू विकास नगर, नियर लक्ष्य रत्ना पब्लिक स्कूल, लोनी, गाजियाबाद। रोहित ड्राइवर का काम करता था।
- अनूप सिंह (38) पुत्र करतार सिंह निवासी मकान नंबर 115, गली नंबर 2, नवीन कुंज, लोनी, गाजियाबाद। अनूप टूर एंड ट्रैवल्स का कार्य करता था।
- संदीप (35) पुत्र स्वर्गीय रामकिशन निवासी गिरी मार्केट, लोनी गाजियाबाद। संदीप कार वॉशिंग का काम करता था।
- निक्की जैन (33) निवासी शिव विहार निकट मेट्रो स्टेशन, लोनी गाजियाबाद। निक्की टेल पत्थर का काम करता था।
- राजकुमार जैन (36) खतौली के निवासी थे। करीब चार साल पहले लोनी के न्यू विकास नगर कॉलोनी में रहने के लिए आए थे। वो खिलौने बनाने का काम करता था।
- विपिन सोनी (35 वर्ष) निवासी न्यू विकास नगर, लोनी गाजियाबाद। वह कारपेंटर था।

## राम रहीम के खिलाफ एफआईआर रद्द करने के कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें डेरा सच्चा सौदा प्रमुख बाबा गुरमीत राम रहीम के खिलाफ अक्टूबर, 2023 में दर्ज आपराधिक एफआईआर रद्द कर दी गई थी। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह आदेश दिया है। राम रहीम रेप और हत्या के मामले में जेल की सजा काट रहे हैं। उन पर 2016 में एक सत्संग के दौरान एक भाषण में की गई टिप्पणियों को लेकर मार्च, 2023 में एफआईआर दर्ज की गई थी।

## सार्वजनिक सूचना

मैं, नदीम पुत्र जमील हसन निवासी मकान नं. डी.एस.-2930/1, गली नं0 1, चुना भटों के पास, पटेल नगर, सोनीपत अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मैंने दिनांक 28.03.2024 को अपनी पत्नी रुबिना अली पत्नी नदीम व पुत्री इकबाल अली निवासी मकान नं0 9, गांव गांजबड़, जिला पानीपत, हरियाणा को तलाक बाबत पहला नोटिस भेज दिया था और आज दिनांक 06.05.2024 को तलाक बाबत दूसरा नोटिस भी भेज दिया है और अब मैं इस इश्तहार के माध्यम से आम जनता को भी सूचित करना चाहता हूं कि मैं अब अपनी पत्नी रुबिना के साथ नहीं रहना चाहता हूं और उससे तलाक लेना चाहता हूं।

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू- I (NIT-06) दिनांक: 13.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | कि.मी. 90/29-31 पर 37/27-9 और 54 पर समपार संख्या 23 का उन्मूलन एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/डब्लू/एसएनपी और पीएनपी के अनुभाग में डीयूके अनुभाग पर आरयूबी के निर्माण द्वारा। |
| अनुमानित लागत | रु. 111451790.07/- |
| धरोहर राशि | रु. 707300/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 18 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 07.06.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 07.06.2024 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| सामान प्रकार के कार्य | बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित हाई सबवे का निर्माण |

नोट :- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 1446/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### शुद्धिपत्र

संदर्भ: (i) निविदा सूचना। 99/2023-24 दिनांक 07.03.2024 (क्र. सं. 04)
(ii) निविदा सं 08235651 नियत तिथि 31.05.2024

उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, आइटम विवरण बदल दिया गया है और संशोधित तकनीकी विशिष्टता भी संलग्न की गई है। सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1453/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पूर्व दिल्ली से भाजपा के लोकसभा प्रात्शी हर्ष मल्होत्रा की मौजूदगी में मुस्लिम महिलाएं बीजेपी में शामिल हुए।

## सुप्रिया भारद्वाज पार्टी की राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ** पत्रकार सुप्रिया भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से पार्टी का राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त किया है। कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। सुप्रिया भारद्वाज का नियुक्ति संबधित पत्र कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा द्वारा जारी किया है।

उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया, टीवी 9 भारतवर्ष और न्यूज एक्स के साथ भी काम किया है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास** पुत्र **डाल चंद** निवासी **म.नं. सीएन-484, नजदीक तालाब मुबारकपुर डबास, दिल्ली** ने case **FIR No. 669/2019 U/s 380/411 IPC, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **विकास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 669/2019 U/s 380/411 IPC, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 22.06.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हों।

आदेशानुसार
श्री पी भारगव राव
एलडी. मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-03
कमरा नं. 292, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5651/OD/2024(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्धघोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **जे पी सिंह**, मेसर्स हेमकुंड इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन के प्रोपराइटर, (1) जीआई-102, फेज 1, मायापुरी, दिल्ली-64, (2) 05/217, सुभाष नगर, दिल्ली-27, (3) जे-10/46, राजौरी गार्डन, दिल्ली-27, ने **डीडी संख्या 15761/2019, धारा 138 एनआई एक्ट, पुलिस थाना सुल्तान पुरी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जे पी सिंह**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **जे पी सिंह**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **जे पी सिंह**, केस **डीडी संख्या 15761/2019, धारा 138 एनआई एक्ट, पुलिस थाना सुल्तान पुरी, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सान्या दलाल,
महानगर दण्डाधिकारी - 01,
रूम नं. 102, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5510/OD/2024 (Court Matter)

# गहने और नकदी चोरी कर महिला गायब, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** नोएडा कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र में योजना के तहत शादी कर ससुराल से गहने और नकदी चोरी कर महिला द्वारा गायब होने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पीड़ित ने महिला समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। झुंडपुरा के बबलू अवाना ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी शादी 15 जनवरी 2023 को ग्रेटर नोएडा की रजनी से हुई थी। शादी के बाद शिकायतकर्ता ने कॉल करने के लिए पत्नी को एक आइफोन दिलाया। आरोप है कि छह फरवरी 2023 को रजनी के मोबाइल पर उसकी दोस्त अंजलि की काल आई। इसके बाद रजनी ने पति से कहा कि उसकी सहेली अंजलि की मां की तबीयत बहुत खराब है और उनका एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**सहेली के साथ गई अस्पताल में और बंद हो गया फोन :** उसने सहेली की मां से मिलने की इच्छा जताई। इसके बाद रजनी अपनी सहेली के साथ अस्पताल के अंदर गई। कुछ समय बाद शिकायतकर्ता ने जब पत्नी को



काल की तो उसका मोबाइल बंद बताने लगा। काफी देर तक जब रजनी अस्पताल से बाहर नहीं आई तो शिकायतकर्ता ने उसकी सहेली से इसके बारे में पूछा। सहेली ने जब रजनी के बारे में कुछ नहीं बताया तो शिकायतकर्ता ने पुलिस बुला ली।

**पहले से थी शादीशुदा :** रजनी नहीं मिली तो पति ने उसकी गुमशुदगी सेक्टर-58 थाने में दर्ज कराई और उसके स्वजन को भी इसके बारे में अवगत कराया। जानकारी करने पर पता चला कि रजनी पूर्व में ही मयंक मावी के साथ विवाह कर चुकी है। रजनी के भाई ने इसे स्वीकार भी किया था। इस तथ्य को छिपाते हुए रजनी के परिवार वालों ने उसकी शादी शिकायतकर्ता से करा दी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ब्रिजेश जग्गी, पुत्रः सुभाष चन्द्र जग्गी, पताः 1/7678, कैडिला कैंट डॉ. परवीन गुप्ता क्लिनिक नेहरू मार्ग, पूर्व, गोरक पार्क दुकान, दूसरा पता-जी.के. अरोड़ा, 1/7559, गली नं. 9, ईस्ट गोरख पार्क शाहदरा, दिल्ली, तीसरा पता-म.नं. 1/10525, गली नं. 1, मोहन पार्क नवीन, शाहदरा, दिल्ली** ने **Ct No. 1427/16 & 1450/16, U/s 200 Cr Pc, पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ब्रिजेश जग्गी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ब्रिजेश जग्गी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct No. 1427/16 & 1450/16, U/s 200 Cr Pc, पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अभियुक्त **ब्रिजेश जग्गी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अखिल मलिक
महानगर दंडाधिकारी-02
शाहदरा, कमरा नं. 38
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5624/SHD/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त संग्राम दास, पुत्र घनश्याम दास, पताः (1)** डी-47, प्रथम तल, जैन नगर एक्सटेंशन, बेगमपुर, दिल्ली, **(2)** कुआंला जाजपुर, थाना मंगलपुर, ओडिशा, ने **FIR No. 121/2024 U/s 370(4)/120B/34 IPC** थाना बेगमपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संग्राम दास** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संग्राम दास** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 121/2024 U/s 370(4)/120B/34 IPC** थाना बेगमपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संग्राम दास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौंकर,
अतिरिक्त मुख्य महानगर दण्डाधिकारी,
(उत्तर पश्चिम), कमरा नं. 101, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/5571/RD/2024

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नामः मालूम नही, पुत्रः मालूम नही, निवासीः मालूम नही, उम्रः लगभग 25-30 वर्ष, कदः 5'5", रंगः सावला, शरीरः मध्यम, चेहराः लंबा, पहनावाः नीले रंग की शर्ट और नीले रंग का हाफ पैंट पहने है। जो पटेल नगर रेलवे स्टेशन PF-1 EL पोल नंबर 7/11-13 अप लाइन दिल्ली मे मृत पाया गया था, इस बाबत DD.No. 33A दिनांक. 11.05.2024 थानाः दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन नं. 8750871309

DP/5676/RLY/2024

## अब गंगनहर घाट पर डुबकी नहीं लगा सकेंगे लोग

**मुरादनगर।** हाल के दिनों में गंगनहर घाट पर एक के बाद हुए हादसों के बारे में दैनिक जागरण में खबर प्रकाशित होने पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। प्रशासन ने गंगनहर घाट पर नहाने को लेकर अस्थाई तौर से रोक लगा दी है। अगला आदेश मिलने तक रोक प्रभावी रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि नहर घाट पर आदेश की अवहेलना करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए घाट पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाइजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# देश-प्रदेश की जनता का कांग्रेस से हुआ मोहभंग : नायब सिंह सैनी

### वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. योगेश बिदानी व रवि सैनी के आवास सहित एक दर्जन स्थानों पर पहुंचे मुख्यमंत्री सैनी

**जीत तय**

**हरियाणा की बात की जाए तो सभी लोकसभा व करनाल विधानसभा सीट पर जीत तय है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/हिसार:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि देश व प्रदेश की जनता का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है। जनता ने अच्छी तरह से जान लिया है कि कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। ऐसे में जनता ने अब भाजपा को ही एकमात्र विकल्प मान लिया है। नायब सिंह सैनी मंगलवार को अर्बन एस्टेट में वरिष्ठ पार्टी नेता डॉ. योगेश बिदानी व पार्टी नेता रवि सैनी सहित शहर में अनेक स्थानों पर आयोजित जलपान कार्यक्रमों के दौरान पार्टीजनों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान शहर में अनेक स्थानों पर तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और पार्टी उम्मीदवार रणजीत सिंह के लिए जबरदस्त समर्थन जुटाया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी पार्टी नेता महावीर जांगड़ा, सीमा गैबीपुर, रवि सैनी, प्रो. छतरपाल सिंह, शकुंतला राजलीवाला, बलराज चौहान, रणधीर पनिहार, हरिकिशन शर्मा, गगन शर्मा के आवास पर भी पहुंचे और समर्थकों से बातचीत करते हुए भाजपा उम्मीदवार चौ. रणजीत सिंह को विजयी बनाने की अपील की।

**घमंडिया गठबंधन और कांग्रेस घोटालों व अपने भ्रष्ट परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 50 साल शासन के बाद भी कांग्रेस को गारंटी देनी पड़ रही है। भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेस का नकाब जनता के सामने उतर चुका है। घमंडिया गठबंधन और कांग्रेस घोटालों और अपने भ्रष्ट परिवार को बचाने के लिए झूठ बोल कर सत्ता में आना चाहते है। कांग्रेस ने देश का भला नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बीजेपी की लहर है। हरियाणा की दस लोकसभा सीट बीजेपी को जा रही हैं यहां की जनता ग्यारह कमल के फूल खिला कर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत करेगी। मोदी सरकार की ईमानदारी से देश प्रगति कर रहा है। केंद्र सरकार सभी जन योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर वर्ग की चिंता की है। लोकसभा चुनाव में हरियाणा की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने आप पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि अपने को ईमानदार कहने वाली पार्टी कांग्रेस से ज्यादा भ्रष्ट है। अपने बच्चों और ईमानदारी की कसमें खाने वाली पार्टी कांग्रेस से गठजोड़ नहीं करने की बात की थी। लेकिन सब उलट हुआ वह भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस से लोकसभा चुनाव में गठजोड़ कर लिया। कांग्रेस झूठ बोलकर सत्तासीन होना चाहती है। सभी लोगों को कांग्रेस की बातों में आना नहीं है।

**जनता 400 पार के नारे को सार्थक करेगी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे को सार्थक करते हुए देश की जनता ने 400 पार के नारे के साथ तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की ठान ली है। हरियाणा की बात की जाए तो सभी लोकसभा व करनाल विधानसभा सीट पर जीत तय है। हरियाणा में कांग्रेस कई स्थानों पर तो सम्मानजनक वोटों के लिए ही चुनाव लड़ रही है।

# 'आप' नेता सबसे बड़े घोटालेबाज, अन्ना हजारे को भी दिया धोखा: मनोहर

**समर्थन**

**दिल्ली में मां-बेटा, हरियाणा में बाप-बेटा कुर्सी की लड़ाई लड़ रहे हैं, घग्गर पार बाढ़ की समस्या दूर कराएंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/कैथल:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल के समर्थन में गुहला चीका में आयोजित विजय संकल्प रैली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आप नेता दुनिया के सबसे बड़े घोटालेबाज हैं, जिन्होंने अन्ना हजारे को भी धोखा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से कांग्रेस बौखलाई हुई है। दिल्ली में मां-बेटा और हरियाणा में बाप-बेटा कुर्सी की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने इस अवसर पर कहा कि कोरोना के समय शराब बांटने वाले और आतंकी गुटों से करोड़ों रुपया चंदा लेने वालों से सावधान रहें और भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाकर अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करें व मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करें।

**आम आदमी पार्टी के सीएम के घर पर महिला नेता को जलील किया:** यहां अनाज मंडी में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विजय संकल्प रैली में बड़ी संख्या में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि नशा बांटने के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता जेल जा रहे हैं और इनकी अंदरुनी लड़ाई जग-जाहिर हो चुकी है। पार्टी की एक महिला नेता को सीएम के घर बुला कर जलील किया गया।

**पुराने मुख्यमंत्रियों के क्षेत्रवाद पर प्रहार :** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने पूरे हरियाणा का विकास किया और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा जबकि पुराने मुख्यमंत्रियों के लिए उनका क्षेत्र ही हरियाणा होता था। कांग्रेस ने जो काम 65 साल में नहीं किया, उससे अधिक काम मोदी जी ने 10 साल में करके दिखा दिया। गरीबों का अच्छा घर देखकर कांग्रेसी परेशान हो जाते हैं। घर में गैस, बिजली का लट्टू, शौचालय, परिवार के हर सदस्य के लिए 5 लाख का बीमा सुनकर कांग्रेसियों में बौखलाहट है।

# देश में अपनी खराब स्थिति देखकर घबराई भाजपाः दुष्यंत चौटाला

**दावा**

**भाजपा नेताओं के बयानों से भी उनकी घबराहट साफ देखी जा सकती है कि बीजेपी 200 तक सिमटने वाली हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़/काजल रानी
पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि देश में भाजपा को अपनी खराब स्थिति नजर आने लग गई है और 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को इस बार जनता आईना दिखाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयानों से भी उनकी घबराहट साफ देखी जा सकती है कि बीजेपी 200 तक सिमटने वाली हैं। वे मंगलवार को बवानीखेड़ा हलके के विभिन्न गांवों में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने ग्रामीणों से हिसार लोकसभा से जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के पक्ष में वोट की अपील की। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि महिलाएं समाज का मजबूत स्तम्भ है और संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद भवन में जब महिलाओं के प्रतिनिधित्व की बात आती है तो सब पार्टियां पीछे हट जाती है, लेकिन जेजेपी ने शुरू से ही महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने का काम किया है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि परिवार व समाज की उन्नति में महिलाओं का अहम रोल होता है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी में सक्रिय राजनीति के लिए महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है और यही बदलाव है।

## 'चौ. देवीलाल के सिपाहियों को साजिशों की परवाह नहीं'

**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि विधायक देवेंद्र बबली हरियाणा के एकनाथ शिंदे बनना चाहते थे। उन्होंने कहा कि पीठ में छुरा घोंपने का प्रयास करने वाले देवेंद्र बबली विफल हो गए है और उन्हें विधायकों का साफ जवाब मिल गया है। दिग्विजय ने कहा कि जेजेपी ऐसी साजिशों की परवाह नहीं करती है क्योंकि चौ. देवीलाल के साथ भी बहुत बार पीठ में छुरा घोंपने की कोशिशें की गई थी। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल की नीतियों पर चलने वाली जेजेपी संघर्ष करना जानती है और अपनी लड़ाई लड़ना जानती है। मंगलवार को दिग्विजय चौटाला फतेहाबाद में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि देवेंद्र बबली की सच्चाई सामने आ गई है कि उनके अंदर पूर्व सीएम मनोहर लाल बोल रहे है और वे थोड़े ही दिन बोलेंगे।

# अरविंद केजरीवाल ही बीजेपी का सूपड़ा साफ करेंगेः अनुराग




**टीम एक्शन इंडिया**
**गुहला/कैथल**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और प्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी गुरलाल घनौर ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में प्रचार किया। इस मौके पर राजकीर गिल, राजेंद्र शर्मा, गज्जन सिंह, कर्मजीत सिंह, अलफाज सिंह राणा, अशोक वर्मा, राव वीरेंद्र सिंह जैलदार, नरेश पूनिया, मकबीर पूनिया, आसू रोहिल्ला, दर्शन रंगा, डॉ. रमेश, रुप चंद वर्मा, रत्न वर्मा, सतपाल नंबरदार, औमप्रकाश, सोनू शर्मा, मदनलाल, नंबरदार, पर्व सरपंच रामेश्वर दास, करनैल सिंह, बलवंत सिंह, नरेश ढांडा, जगजीत सिंह, संदीप शर्मा और पूर्व चेयरमैन तरसेम गोयल मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने कहा कि इस बार जनता को बीजेपी का घमंड तोड़ना है। पीएम मोदी सोच रहे थे कि अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर चुनाव जीत लेंगे। लेकिन अरविंद केजरीवाल चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आ चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 'कांग्रेस अपने 30 विधायकों को संभाले,हमारे संबंध कांग्रेस विधायकों के साथ भी अच्छे'

**चंडीगढ़/ जींद:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद कांग्रेस द्वारा मचाए जा रहे शोर पर चुनौती देते हुए कहा है कि कांग्रेस अपने 30 विधायकों को संभाले और वह अपने विधायकों के हस्ताक्षर करवाकर राज्यपाल को सौंपे। उन्होंने कहा कि हमारे संबंध कांग्रेस के विधायकों के साथ भी है। विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी को बाहरी उम्मीदवार बताते हुए कहा कि वह जींद का होने का दम भरता है, लेकिन वास्तव में वह हरिद्वार का है उसका वोट कार्ड उसका आधार कार्ड हरिद्वार का है तो ऐसे में वह जींद का अपना आप को किस प्रकार कहता है? अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चार चरणों का चुनाव हो चुका है और चार चरणों में जो सर्वे हुआ है और जो राजनीतिक पंडितों ने आकलन किया है वह स्पष्ट करता है कि बीजेपी इन चार चरणों में 272 का आंकड़ा पार कर चुकी है जो उसे सरकार बनाने के लिए चाहिए। उन्होंने कहा कि अब अगले तीन चरणों में भाजपा अपने इस बार 400 पार के नारे की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज विजय संकल्प रैलियां संपन्न हो रही है और इसके बाद अगले 8 दिन बड़ी रैलियां होंगी, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, योगी आदित्यनाथ, राजनाथ शामिल होंगे। 80% युवा भाजपा के साथ खड़ा है और आज वह अपने घर के बड़े लोगों को भी भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में बता रहा है। उन्होंने युवाओं को भाजपा की फौज बताते हुए कहा कि युवा इस बात को अच्छी तरह से समझता है कि कांग्रेस की लड़ाई कुर्सी की लड़ाई है, जबकि भाजपा की लड़ाई जनता के हितों की लड़ाई है।

### सड़क पार करते समय युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**गन्नौर ।** जीटी रोड पर अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के निकट सड़क पार कर रहे 24 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक घायल हो गया। जिसको राहगीरों ने खानपुर मेडिकल में दाखिल कराया। जहां घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर बड़ी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और जांच में जुट गई। जानकारी देते हुए बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि समस्तीपुर, बिहार निवासी अंकित 4 दिन पहले काम की तलाश में बड़ी आया था। मंगलवार की सुबह वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र आ रहा था। जब वह जीटी रोड पर अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के पास सड़क पार करने लगा तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। मृतक के स्वजन को हादसे की जानकारी दे दी गई है, वह बुधवार को अस्पताल पहुंचेंगे। स्वजन के ब्यानों के आधार पर पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम भी बुधवार को कराया जाएगा। सहकर्मी के साथ अंतरजातीय प्रेम विवाह करने के चक्कर में प्रेमिका के साथ मिल कर अपने पिता व भाई की हत्या का षड़यंत्र रचा था

### गांव पुरखास राठी में कैंसर की रोकथाम के नाम पर टीका लगाने से सहायक पंप आपरेटर की मौत के मामले का पुलिस ने पटक्षेप

**गन्नौर।** गांव पुरखास राठी में कैंसर की रोकथाम के नाम पर टीका लगाने से सहायक पंप आपरेटर की मौत के मामले का पुलिस ने पटक्षेप कर दिया है। मृतक के बेटे ने अपनी प्रेमिका के साथ मिल कर अपने पिता व भाई की हत्या का षड़यंत्र रचा था। वह अपनी सहकर्मी के साथ अंतरजातीय प्रेम विवाह करना चाहता था, लेकिन उसे डर था कि उसके पिता व भाई उसके विवाह में बाधा बनेंगे। जिसके चलते उसने अपनी प्रेमिका के साथ मिल कर उनकी हत्या की साजिश रची और अपनी प्रेमिका को अपने घर भेजकर अपने पिता को टीके की ओवरडोज लगवा दी, जिससे उनकी मौत हो गई। वह भाई को भी रास्ते से हटाना चाहता था, लेकिन उसने टीका लगवाने से मना कर दिया था।

# पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**सुरक्षा पर बल**

**हरियाणा के पुलिस थानों और चौकियों में व्यापक सीसीटीवी सिस्टम से सुरक्षा में इजाफा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन (एचपीएचसी) ने राज्य के सभी 715 पुलिस थानों और चौकियों में एक व्यापक सीसीटीवी कैमरा सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित कर राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसमें 333 पुलिस चौकियां और 382 पुलिस स्टेशन शामिल हैं, जिससे राज्य में पहले की अपेक्षा और अधिक निगरानी बढ़ेगी और सुरक्षा का दायरा व्यापक होगा। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान दी गई। इस बैठक में पुलिस थानों में अत्याधुनिक निगरानी ढांचा विकसित करने सहित इससे संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

**अत्याधुनिक निगरानी ढांचा:** बैठक में बताया गया कि इस मजबूत सुरक्षा ढांचे में 2,953 स्थिर बुलेट कैमरे और 4,600 डोम कैमरे शामिल हैं, जो पूरे हरियाणा में व्यापक निगरानी कवरेज प्रदान करते हैं।

यह प्रणाली अत्याधुनिक तकनीकी क्षमताओं से सुसज्जित है, जिसमें दस्तावेजीकरण और जांच में सहयोग के लिए 18 महीने की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग की क्षमता शामिल है। पुलिस थानों के लिए समर्पित सर्वर स्टोरेज समाधान और पुलिस चौकियों के लिए एनवीआर (नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर) स्टोरेज दक्षता से डेटा प्रबंधन सुनिश्चित करते हैं।

# दिल्ली में मां-बेटा और हरियाणा में बाप-बेटे को सताने लगी है चिंता : मनोहर लाल

### गांव माधोसिंघाना में आयोजित विजय संकल्प रैली में भारी जनसैलाब को दिलाया भाजपा की जीत का संकल्प

**मोदी लहर**

**ऐलनाबाद से रहा है मेरा दशकों पुराना रिश्ता, देश और प्रदेश में भाजपा की लहर**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिक शर्मा**
हरियाणा में लोकसभा की सभी दस सीटों के लिए आगामी 25मई को मतदान होगा। इस लिहाज से प्रदेश में प्रचार का अंतिम दौर चल रहा है। सिरसा लोकसभा सीट कांग्रेस के कब्जे में जाने से रोकने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ताकत झोंक रहे है। उन्होंने मंगलवार को ऐलनाबाद हलके के गांव माधोसिंघाना में सजे विजय संकल्प रैली के मंच से अपने भाषण की शुरुआत ठेठ मारवाड़ी शैली से की। उन्होंने मारवाड़ी में कहा कि ह्यसगला नै मेरी और मोदी जी की ओर सूं राम रामह्न। यह रैली ऐलनाबाद के कप्तान मीनू बैनीवाल के संयोजन में हुई। भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के समर्थन में आयोजित इस रैली को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बड़े ही चुटीले अंदाज में कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हालत ऐसी हो चली है कि दिल्ली में तो मां-बेटा और हरियाणा में बाप-बेटे को चिंता सताने लगी है। चूंकि पूरे देश और प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है और इसी लहर के नाते वे साफ कह सकते हैं कि जहां हम हरियाणा की सभी 10 सीटें फिर से जीतने जा रहे हैं वहीं भाजपा पूरे देश भर में 400 पार का लक्ष्य हासिल करेगी।

ऐलनाबाद से अपना दशकों पुराना रिश्ता होने की बात कहते हुए मनोहर लाल बोले कि वे यहां साल 1990 से आ रहे हैं और ऐलनाबाद की हर गली व गांव से खूब परिचित हैं। उन्होंने रैली के संयोजक मीनू बैनीवाल व पार्टी की जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग की तारीफ करते हुए कहा कि हरियाणा में आज शाम तक हम सभी 90 हलकों में विजय संकल्प रैली पूरी कर लेंगे और सिरसा संसदीय क्षेत्र के ऐलनाबाद हलके के गांव माधोसिंघाना में आज इस रैली का समापन हो रहा है और इसमें मीनू बैनीवाल ने खूब मेहनत करके ये साबित किया है कि वे राजनीति के साथ साथ जनसेवा के रूप में भी सक्रिय हैं। यहां आने वाले इस जनसैलाब को देखकर ये साफ हो गया है कि सिरसा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे।

# कुमारी सैलजा सिरसा का गढ़ फिर छीनने के लिए ताकत झोंक रही

**ताल ठोकी**

**वे 2014 का चुनाव इंडियन नेशनल लोकदल के चरणजीत रोड़ी और 2019में भाजपा की सुनीता दुग्गल से हार गए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अंकुर जैन**
**हरियाणा** की 10 लोकसभा सीटों में से एक सिरसा लोकसभा सीट काफी महत्वपूर्ण सीट है। यह सीट वीआईपी श्रेणी में आती है क्योंकि यहां से हरियाणा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर सांसद रह चुके हैं। उन्होंने इस सीट पर आखिरी चुनाव 2009 में जीता था। इसके बाद वे 2014का चुनाव इंडियन नेशनल लोकदल के चरणजीत रोड़ी और 2019में भाजपा की सुनीता दुग्गल से हार गए थे। इस बार भी कांग्रेस की कुमारी सैलजा भाजपा के टिकट पर किस्मत आजमा रहे अशोक तंवर को कड़ी टक्कर दे रही है। हालांकि भाजपा के स्टार प्रचारक पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ताकत झोंक दी है।

सिरसा से बीजेपी की सुनीता दुग्गल मौजूदा सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार अशोक तंवर को 3,09,918 वोटों के अंतर से हराया था। अशोक तंवर 2014 में भी इस सीट से चुनाव हार गए थे। 2014 में मोदी लहर के बावजूद इस सीट से इंडियन नेशनल लोकदल के चरणजीत सिंह रोड़ी चुनाव जीते अशोक तंवर ने 2019 के बाद से तीन पार्टियां बदलकर राजनीतिक समीकरण थोड़े बिगाड़ दिए हैं। अशोक तंवर 2019 में अपने समर्थकों का टिकट कटने से नाराजगी के बाद कांग्रेस पार्टी से अलग हो गए थे। इसके बाद उन्होंने भारत मोर्चा बनाया और फिर टीएमसी में शामिल हो गए, लेकिन साल भर बाद ही उन्होंने टीएमसी भी छोड़ दी और फिर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया, लेकिन जनवरी 2024 में उन्होंने आप को छोड़ बीजेपी में शामिल होने का फैसला कर लिया। अब अशोक तंवर बीजेपी के टिकट पर सिरसा के चुनाव मैदान में है।

सिरसा लोकसभा क्षेत्र में कुल 9 विधानसभा सीटें आती हैं जिसमें से बीजेपी और जेजेपी के पास 2-2 सीटें हैं। वहीं कांग्रेस के पास भी 2 सीटें हैं। एक सीट हरियाणा लोकहित पार्टी और एक इंडियन नेशनल लोकदल के पास है। सिरसा लोकसभा में आने वाली सीटें इस प्रकार हैं- ऐलनाबाद, डबवाली, टोहाना, फतेहाबाद, सिरसा, रतिया (एससी), नरवाना (एससी), रानिया, कालांवाली (एससी)। सिरसा लोकसभा सीट का पहला चुनाव 1962 में हुआ था। कांग्रेस पार्टी के चौधरी दलबीर सिंह यहां से पहले सांसद थे। 1967 और 1971 में भी यह सीट कांग्रेस ने ही जीती थी और चौधरी दलबीर सिंह सांसद बने थे।

# हरियाणा में 2 करोड़ 1 लाख 87 हजार मतदाता करेंगे लोकसभा के चुनाव में मतदान

**महोत्सव**

**बीएलओ वोटर स्लिप के साथ परिवार को सौंपेगा निमंत्रण पत्र, मतदाताओं का बीएलओ होगा स्वागतकर्ता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में हरियाणा में मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 1 लाख 87 हजार 911 है, जिसमें 1 करोड़ 6 लाख 52 हजार 345 पुरुष, 94 लाख 23 हजार 956 महिला महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा 467 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं, जो चुनाव का पर्व-देश का गर्व के महोत्सव में अपने मत का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकतंत्र में हर वोट का महत्व होता है। कभी-कभी उम्मीदवार की जीत का कारण भी एक वोट बन जाता है। इसलिए प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदाता के बिना लोकतंत्र का पर्व अधूरा है। चुनाव आयोग का कार्य निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाना है। असली कार्य तो मतदाताओं को ही अपना मत डाल कर करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 19 हजार 812 स्थाई मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा 219 अस्थाई मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों में हीट वेव को देखते हुए अतिरिक्त प्रबंध किए जाएंगे। मतदाताओं का स्वागत शादी समारोह की तरह किया जाएगा, इनका स्वागत बीएलओ करेंगे।

उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी निवेदनकर्ता होंगे जबकि पीठासीन अधिकारी व समस्त मतदान दल सदस्य दर्शनाभिलाषी होंगे। इसके अलावा,मतदाता अपने उम्मीदवार की पृष्ठभूमि के बारे जानकारी लेने के लिए, केवाईसी एप डाउनलोड कर सकता है।

# कमल के फूल पर दिया एक-एक वोट देश के नए भविष्य की शुरूआत करेगा: नायब

## वोटों की ताकत का ही परिणाम है कि अयोध्या में भव्य मंदिर बना जिसमें रामलला विराजमान हुए: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र/पिहोवा :** पिहोवा विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आप लोगों द्वारा दी गई वोट का कमाल है कि पीएम मोदी ने धारा-370 को एक झटके में समाप्त कर दिया। वोटों की ताकत का ही परिणाम है कि अयोध्या में भव्य मंदिर बना जिसमें रामलला विराजमान हुए। मोदी सरकार ने 10 वर्षों में देश को आर्थिक और सामरिक रूप मजबूत किया तथा बेहतर सड़कों का जाल बिछाया। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि 25 मई को कमल के फूल पर पड़ा हर वोट मोदी जी को ताकत देगा। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली में



बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि यह चुनाव देश को विकसित बनाने और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। 2014 में जनता ने मोदी को चुना और पीएम मोदी ने 10 सालों में देश की समस्याओं का समाधान किया साथ देश का दुनिया में मान सम्मान बढ़ाया है। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने देश की विरासत के साथ-साथ भौतिक विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव बहुत ही

**वोट की अपील**

**ज्योतिसर का जीर्णोद्धार किया और इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी सुविधाओं का जाल बिछा दिया**

महत्वपूर्ण चुनाव है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव से देश और देशवासियों के भविष्य की नई यात्रा की शुरूआत होगी। मुख्यमंत्री ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि 25 मई को नवीन जिंदल को भारी मतों से जिताकर मोदी जी के पास भेजें। कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि आजकल कांग्रेस के लोग परेशान हो रहे हैं। कांग्रेस के लोगों की चिंता हर रोज बढ़ रही है। कांग्रेस के लोग सोचते हैं जो काम कांग्रेस 60 सालों में नहीं कर पाई उनसे ज्यादा काम मोदी सरकार ने 10 सालों में कैसे कर दिया। हताश कांग्रेस के नेता हार के डर से भ्रम की स्थिति पैदा करने में लगे हुए हैं। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 सालों में कुरुक्षेत्र, पिहोवा समेत पूरे हरियाणा में विकास की गंगा बहा दी। ज्योतिसर का जीर्णोद्धार किया और इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी सुविधाओं का जाल बिछा दिया। उन्होंने कहा कि विकसित कुरुक्षेत्र के निर्माण के लिए नवीन जिन्दल को भारी मतों से जिताएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना में गरीबों को 5 लाख रुपये तक के इलाज का अधिकार मिला है।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में 10वीं का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**साधुवाद**

**विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधा रमन सूरी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए साधुवाद दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सीबीएसई द्वारा सत्र 2023-24 घोषित दसवीं कक्षा की परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मुरलीधर डीएवी में अपनी सफलता को भी खुशी को प्रकट करने के लिए विद्यार्थियों का भारी जमावड़ा लग गया। विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधा रमन सूरी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए साधुवाद दिया। प्राचार्य महोदय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र में जान्हवी वर्मा व प्रियंका शर्मा दो विद्यार्थियों ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अमन कुमार 96.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय व आस्था चौधरी ने 96.4% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 95% से ऊपर अंक लेने वाले सभी 7 विद्यार्थियों ने अपने अध्यापक को व प्राचार्य महोदय के प्रति विशेष रूप से अपना आभार व्यक्त किया। प्राचार्य महोदय ने बताया कि 90% से ऊपर मार्क्स देने वाले 32 विद्यार्थी रहे वह 75% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 97 है। 189 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अपना स्थान बनाया। 773 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों मैं डिस्टिंक्शन प्राप्त की है।

स्थानीय डीएवी मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन प्रीतम पाल जी एवं विद्यालय के मैनेजर डॉ विवेक कोहली ने अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बधाई एवं साधुवाद दिया। प्राचार्य डॉ राधारमण सूरी जी ने डीएवी कमेटी के प्रधान पूनम सूरी जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में डीएवी विद्यालय के विद्यार्थी सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहेंगे।

# ईवीएम का किया गया सप्लीमेंटरी रेंडमाइजेशन




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला लोकसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शिता के साथ करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन की उपस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का सप्लीमेंटरी रेंडमाइजेशन किया गया। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सप्लीमेंटरी रेंडमाइजेशन के बाद इसकी एक-एक फोटो कॉपी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि चुनावों में पारदर्शिता बरतने के लिए भारत चुनाव आयोग की ओर से जारी एक ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के जरिए रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। चुनाव में प्रायः पोलिंग स्टॉफ और ईवीएम की रेंडमाइजेशन की जाती है।
यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें

**तैयारियां**

**लोकसभा आम चुनाव को पारदर्शिता के साथ करवाने के लिए प्रशासन की तैयारियां जोरों पर**

एक क्रमवार सूची को सॉफ्टवेयर से अक्रमिक कर सूची तैयार की जाती है, ताकि कोई भी राजनैतिक पार्टी चुनाव अधिकारियों द्वारा तैयार की गई सूची पर संदेह ना जताए। इसी कड़ी में लोकसभा आम चुनाव को लेकर रेंडमाईजेशन में अलग-अलग क्रम पर दी गई ईवीएम को विधानसभा वाईज अलॉट किया गया है।

इस मौके पर सीईओ जिला परिषद नवीन कुमार आहूजा, चुनाव तहसीलदार संदीप व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीपीएस के छात्रों ने 12वीं-10वीं के बोर्ड परिणाम में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**समालखा 14 मई ( कुलदीप सिंह )**

**डी पी** एस पानीपत सिटी के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का बोर्ड परिणाम में कला ,विज्ञान एवं कॉमर्स तीनों संकाय में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा । अवनी गोयल 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ ह्यूमैनिटीज में , कृष छाबड़ा 94 प्रतिशत अंकों के साथ वाणिज्य संकाय तथा चिराग 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान संकाय में विद्यालय के टॉपर रहे । इसके साथ साथ ह्यूमैनिटीज में अंशु तथा सलोनी ने 94.8 प्रतिशत अंक ,पलक ने 93.4 , जलकिरण ने 92 प्रतिशत अंक , वाणिज्य संकाय में अनवी चावला ने 92.6हरमन तथा नामप्रीत ने 91.4 प्रतिशत विज्ञान संकाय में कृति रावल ने 91.2 तथा प्रवरा ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया । अंशु ने



पेंटिंग तथा राजनीति शास्त्र में 100 अंक तथा जियोग्राफी में 99 अंक प्राप्त किए । वहीं दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अनिका मित्तल 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय की टॉपर रही । इसके साथ साथ अंशा ने 97.4 आन्या गर्ग ने 96.4 सक्षम गुप्ता ने 95.4 अवनी मित्तल ने 95.2 आरव 94.8 अंशिका 94.6 भव्य गोयल 94.4 फलित गौर एवम संजोली 93.8 रायना 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। भव्य गोयल ,सक्षम गुप्ता एवम गीतिश ने गणित विषय में 100 अंक प्राप्त किए अनिका मित्तल ने हिंदी , विज्ञान एवम सामाजिक विज्ञान में 99अंक प्राप्त किए ।

**शानदार परिणाम**

**वहीं दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अनिका मित्तल 98 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय की टॉपर रही**

विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया एवम कोर्डिनेटर आभा विशाद ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों ,अभिभावकों एवम शिक्षक वर्ग को बधाई दी। प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम , लगन एवं अभ्यास का परिणाम है।

# जीवीएम स्कूल का शानदार परिणाम जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: सीबीएसई** कक्षा 10 का रिजल्ट केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी होने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे जी. वी. एम इंटरनेशनल स्कूल समालखा में मेधावी प्रतिभाशाली बच्चों ने अपना नाम मेरिट सूची में दर्ज करवाया अवनी (450/500) 90%, खुशी (446/500)89.2%, वंशिका(415/500) 83%, आयुषी(414/500)82.8%, प्राची(414/500) 82.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया अन्य विद्यार्थियों ने 70 से 60% अंक प्राप्त



किया स्कूल निदेशक राधेश्याम जांगड़ा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सहाना की और कहा खुद के भरोसा हो तो आप हर मुसीबत से निकाल सकते हैं विद्यार्थी के लिए कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता हारता वही है जो दिल से नहीं लड़ता और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए
उन्हें फूलों की माला पहनकर सम्मानित किया उनका भविष्य भी फूलों की तरह महकता रहे साथ में इस परिणाम में सहायक अध्यापक गण की परिश्रम की भी सरहाना की।

# जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर के दसवीं के विद्यार्थी श्रेष्ठ प्रदर्शन करके छा गए



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा में सराहनीय प्रदर्शन किया है। हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन से संबद्ध इन विद्यार्थियों में से छह ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि रिया ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अलग मुकाम हासिल किया है। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से संचालित किए जा रहे जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की छात्रा परी को 97.8 प्रतिशत, नीरा को 95.8 प्रतिशत, मिताली को 95.4 प्रतिशत एवं पूजा व अंजलि को 95 प्रतिशत अंक मिले हैं। खास बात यह है कि इन सभी छात्राओं ने गणित व विज्ञान विषय में 95 से लेकर 100 प्रतिशत तक अंक हासिल करके अपनी योग्यता का परिचय दिया है। इसी भांति बबीता ने 92.6 प्रतिशत, वर्षा ने 92 प्रतिशत एवं आशी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

**श्रेष्ठ प्रदर्शन**

**जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर के विद्यार्थियों का दसवीं कक्षा का परिणाम रहा सराहनीय**

**निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे दसवीं के विद्यार्थियों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन**

जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने बताया कि यह सेंटर बच्चों को निशुल्क पढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां पर एचबीएसई व सीबीएसई से जुड़े नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी फ्री शिक्षा ग्रहण करते हैं। इन्हें अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला के पास स्थापित इस सेंटर में विद्यार्थियों को पढ़ाई के संसाधन भी निशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं।

बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि सभी शैक्षणिक व सामाजिक सेवा कार्य नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रसाद जैन की रचनात्मक सोच के चलते क्रियान्वित हो रहे हैं। विभिन्न सरकारी विद्यालयों में सोसायटी द्वारा लाइब्रेरी, शेड का निर्माण, टॉयलेट का निर्माण व वाटर कूलर की स्थापना करवाई गई है।

# आज सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को बचाने की है: दिव्यांशु

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**करनाल** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा ने पहले तो रेलवे रोड पर दुकानदारो से मिले व चुलकाना गांव में शाम बाबा के दर्शन कर जीटी रोड स्थित रविदास स्कूल के प्रांगण में स्थापित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बनाए गए संविधान को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि आज सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को बचाने की है। उन्होंने संविधान को देश की आत्मा (नींव) बताते हुए कहा कि बीजेपी देश की नींव व जड़ों को



हिलाना चाहती है इसलिए सरेआम मंचों से संविधान को बदलने की बात करती है। इसलिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर किसी भी हालत में बीजेपी को सत्ता में आने से रोकने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रत्येक समाज का उन्हें सहयोग व समर्थन मिल रहा है मुझे लगता है कि आने वाली 25 मई को देश व प्रदेश की जनता संविधान को बदलने की सोच रखने वालों की

**भंडारा**

**समस्त श्यामप्रेमी परिवार,कुरुक्षेत्र द्वारा 515वां भव्य श्याम संकीर्तन व भंडारा आयोजित**

सरकार को बदलकर इनके घमंड को तोड़ने का काम करेगी।
दिव्यांशु बुद्धि राजा सोमवार को देर रात रविदास समाज कल्याण सभा द्वारा स्कूल प्रांगण में आयोजित सभा में पहुंचे और संविधान निमार्ता बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और संत रविदास जी को मत्था टेका। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा का खुला समर्थन करते हुए कहा कि संविधान को बचाने के लिए समाज एकजुट है। इस पर दिव्यांशु बुद्धि राजा ने समाज को आश्वासन दिया कि जब तक उनके शरीर में सांस है वह संविधान बचाने की लड़ाई लड़ते रहेंगे। सभा में पहुंचने पर सभा के प्रधान रामफल कारकौली, सतबीर चालिया,तिलक सभरवाल,धर्म पाल ठेकेदार, दिलबाग निंबडिया पूर्व एम एल ए भरत सिंह छोक्कर राजु कुहाड़ जोगिन्द्र जोगा हिटलर साहब सिंह बिहोली बिक्रम आट्टा आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**दिल्ली** वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का सीबीएसई बारहवीं व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा शत प्रतिशत रहा । पंखों को नहीं हौंसलों को उड़ान होती है इसी बात को चरितार्थ करते हुए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत के छात्रगण ने सिद्ध कर दिखाया। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि स्कूल के लिए बोर्ड की परीक्षाओं के लिए यह प्रथम वर्ष था जिसमें बारहवीं कक्षा की परीक्षा तेरह (13) छात्रों ने दी तथा छात्रा अर्पित ने 92.2% अंक प्राप्तकर स्कूल में स्थान पर बाजी मारी। साथ ही दसवीं कक्षा के छात्रगण ने सामाजिक विज्ञान, गणित, साइंस, इंग्लिश, हिंदी और कंप्यूटर आदि विषय में विद्यार्थियों



ने 90 व 90 से अधिक अंक प्राप्त किए और यह सिद्ध कर दिखाया कि मेहनत का परिणाम अवश्य प्राप्त होता है। बच्चों का प्रदर्शन देखकर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की प्रबंधक समिति और डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता ने उन्हें और उनके अभिभावकों बधाई दी और बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में इसी प्रकार आगे बढ़ते रहें और दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति करें। साथ ही अभिभावकगण अपने बच्चों की मेहनत से खुश थे तो दूसरी तरफ उन्होंने दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की प्रबंधक समिति द्वारा उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं व अध्यापकों के द्वारा की गई छात्रों पर मेहनत व उनकी कर्म निष्ठा की प्रशंसा की।

# सरकारी स्कूल का 10वीं व 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100% व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 94.5% रहा। इसमें विज्ञान संकाय 12वीं का परिणाम 90.32% वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 100% व कला संकाय का परीक्षा परिणाम 96.30 प्रतिशत रहा ।10वीं कक्षा में अर्चना रानी ने 93.80प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व जागृति ने द्वितीय स्थान व भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया कक्षा 12वीं में ऋषव ने विज्ञान संकाय में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया,वंशिका ने



80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व कला संकाय में संजना ने 68% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम को विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी के द्वारा ग्राम सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सैनी जी एसएमसी प्रधान श्रीमती सुनीता सैनी व उप प्रधान गुलजार जी की उपस्थिति में घोषित किया गया प्रधानाचार्य जी के द्वारा सभी अध्यापकों का मनोबल बढ़ाते हुए विशेष रूप से धन्यवाद किया गया इस अवसर पर मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व 100% परीक्षा परिणाम देने वाले अध्यापकों को विशेष पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया ।

शत प्रतिशत परिणाम देने वाले अध्यापकों में देवेंद्र जी, संजय चौहान, ओम प्रकाश, इंद्रजीत जी, अनिल कुमार, बेबी गोयल, संगीता, शालिनी, नेहा, सुभाष जी व शिवराज जी शामिल रहे प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच को बनाए रखते हुए विद्यालय में अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने के प्रति प्रेरित किया व विद्यालय परीक्षा परिणाम को लेकर बधाई दी।

**सम्मान**

**100% परीक्षा परिणाम देने वाले छात्रों व अध्यापकों को किया गया सम्मानित, जश्न का माहौल**

## न्यूज फ्लैश

### जुआ खेलते 3 युवक गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन:** सीआईए वन पुलिस टीम ने शास्त्री कॉलोनी में जुआ खेल रहे 3 युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 50600 रुपए की नगदी बरामद हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गोहाना रोड पर फ्लाई ओवर पुल के नीचे मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की शास्त्री कॉलोनी में रेलवे लाइन के नजदीक 3 युवक ताश के पत्तों पर पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 3 युवकों को काबू कर उनके कब्जे से एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 50600 रुपए की नगदी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान अनिल निवासी जगजीवन राम कॉलोनी, सत्यवान निवासी बुड़श्याम व सुमित निवासी खादी कॉलोनी के रूप में हुई। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने बरामद ताश के पत्ते व दाव पर लगी 50600 रुपए की नगदी कब्जा पुलिस ने लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में गेम्बलिग एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

### चचेरे भाई पर चाकू से हमला कर किया घायल

**गन्नौर। मोई गांव में** जमीन बटवारे को लेकर एक व्यक्ति ने अपने चचेरे भाई पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिए खानपुर मेडिकल में भर्ती करवाया गया। घायल ने मामले की शिकायत खुबडू चौकी पुलिस को दी है। शिकायत में मोई गांव हाल ही सरस्वती विहार सोनीपत निवासी उदय ने बताया कि वह जमीन के बटवारे को लेकर गांव में आया हुआ था। इस दौरान उसका चचेरा भाई रिंकू व ताई मंजू वहां आई और उसके साथ गाली-गलौच करने लगी। उसने गाली देने से रोका तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान रिंकू ने चाकू से उसकी छाती व हाथ पर हमला कर दिया। जिस कारण वह घायल हो गया। हमला करने के बाद रिंकू उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने रिंकू व मंजू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजनीति पर धर्म की भूमिका मार्गदर्शक की होनी चाहिए: मुनि गेह सागर जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जैन धर्म** की आचार्य शांति सागर जी महाराज की पट्टारक परंपरा के सातवें पट्टाचार्य जैन मुनि गेह सागर जी महाराज ने कहा है कि राजनीति को धर्म के मार्गदर्शन में चलना चाहिए। राजनीति में धर्म की भूमिका मार्गदर्शक की तरह होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की जेनरेशन संस्कृति और धर्म से विमुख होती जा रही है। यही कारण है कि परिवार टूट रहे हैं। आज बच्चों को समय और प्यार को जताने की जरूरत है। आज केवल नाम के ही जैन रह गए हैं। जैन एक उपासना पद्धति के साथ लाइफ स्टाइल है। नि दिगंबर जैन मंदिर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सनातन धर्म और जैन धर्म के बीच के कुछ अंतरों को बताते हुए कहा कि जैन धर्म भगवान के राजसी रूप के बाद की पूजा करता है, जबकि सनातन धर्म भगवान के राजसी स्वरूप की पूजा करता है। भगवान राम और कृष्ण की चर्चा सनातन धर्म में राजसी स्वरूप की होता है, जबकि जैन धर्म में उनके संसार से वैराग और बाद में उनके मोक्ष मार्ग में गमन की चर्चा होती है। जैन धर्म में मोक्ष को प्राणी मात्र का उद्देश्य माना गया है। जैन धर्म में बताया गया है कि किस प्रकार पांचों कल्याण के बाद व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त कर जीवन मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त कर सकता है।



# अगर चुनाव की तैयारी को लेकर इंप्रूवमेंट की जरूरत है तो कर सकते है : निर्वाचन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**भारतीय चुनाव** आयोग के उपचुनाव आयुक्त हिरदेश कुमार ने गत दिवस प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारीयो, पुलिक अधीक्षको, सामान्य व एक्सपेंडीचर आब्जर्वर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हुए लोक सभा 2024 के आम चुनाव को निष्पक्ष शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से करने को लेकर पूरी तरह से गंभीर होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनावी तैयारी को लेकर सभी से बारी बारी संवाद किया और स्थिति की जानकारी ली व 70 प्रतिशत मतदान करवाने का लक्ष्य जिला निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष रखा।



उप चुनाव आयुक्त ने ईवीएम के प्रबंधन सुरक्षा व उनकी स्टोरेज के अलावा पोस्टल बैलेट की ट्रेनिंग के बारे मे भी जानकारी ली और अब तक हुए रेंडमाइजेशन की स्थिति भी जानी। उन्होंने पोस्टर बैलेट की पोलिंग कैसे होगी,क्रिटिकल बूथ की लोकेशन व कितने काउंटिंग सेंटर बनाए गए हैं के बारे मैं जानकारी ली व कहा की अगर इंप्रूवमेंट की जरूरत है तो कर सकते है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारीयो को समय-समय पर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए व जिले में मतगणना वाले दिन के लोकेशन व स्ट्रॉन्ग रूम और कितनी विधान सभा क्षेत्र है के बारे में भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जिले मे 9 लाख 27 हजार के करीब मतदाता है। हर मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। सीवीजीएल की सभी 18 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। विधान सभा क्षेत्र अनुसार नाकों पर चौकसी बरती जा रही है। आगामी 16 व 17 मई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी चारो काउंटिंग हाल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। हर बूथ पर फर्स्ट एड की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने ट्रांसपोरटेशन प्लान के अलावा जीपीएस कंट्रोल रूम के बारे में भी जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कम्युनिकेशन प्लान तैयार है।

क्यू ऐप पर ध्यान दिया जा रहा है। दिव्यांग व वृद्ध मतदाता को बूथ पर ले जाने को लेकर पूरी व्यवस्था की गई है। सभी 876 बूथ पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

## कैथल के हिम्मत सिंह बनें एचएसएससी के चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** कैथल जिले के रहने वाले और वर्तमान में अतिरिक्त महाधिवक्ता, हरियाणा के तौर पर कार्यरत हिम्मत सिंह को सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया है। हालांकि, लोकसभा चुनावों के चलते लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए सरकार ने भारत निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही आधिकारिक रूप से उनकी नियुक्ति की जाएगी। सरकार के इस कदम से ये कहा जा सकता है कि हिम्मत सिंह के हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष बनने के रूप में रोड जाति को सरकार में एक बड़ा प्रतिनिधित्व मिला है, जिसके कहीं न कहीं हरियाणा की राजनीति



में एक अलग मायने होंगे। करनाल व कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां रोड जाति का अच्छा खासा प्रभाव है और अब सरकार में रोड जाति का प्रतिनिधित्व होने से कहीं न कहीं माहौल सरकार के पक्ष में जाता नजर आने वाला है। ये कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि आने वाले दिनों में करनाल व कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनावी समीकरण बदलते हुए नजर आएंगे।

## बोर्ड की परीक्षाओं में द ग्रीन हेरिटेज स्कूल का सराहनीय प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**बोर्ड परीक्षा** परिणाम देखकर द ग्रीन हेरिटेज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के चेहरे खिल उठे। पूर्व की भांति इस वर्ष भी विधार्थियों ने स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम देकर खंड समालखा में नाम कमाया है।स्कूल की प्राचार्या मन्जू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि द ग्रीन हेरिटेज स्कूल के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12 वीं व कक्षा 10 वीं में शानदार प्रदर्शन किया है।कक्षा 12 वीं की छात्र आलेख ने 93.27 प्रतिशत,कशिश ने 92 प्रतिशत, उज्जवल ने 91.6 प्रतिशत, मुक्ति 88.4 प्रतिशत,प्रीति 86.8, रितिका 86.2, राहुल 86.2, आर्यन 85 प्रतिशत,शीतल 83.8 व छात्रा नैन्सी ने 83.6 अंक प्राप्त किए जबकि कक्षा 10वीं की परीक्षा में 20 विधयार्थियो ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया जबकि 30 विधार्थियों ने प्रथम डिवीजन में पास करके विधालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर स्कूल संचालक नरेंद्र राठी व अजीत राठी ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को फूलों की माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया और परमपिता परमात्मा से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




## मतदान की तैयारियां जोरों पर, कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**अम्बाला: लोकसभा चुनाव** के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर लगातार तैयारियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन के नेतृत्व में सेक्टर सुपरवाईजर, पोलिंग पार्टिज व पीठासीन अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग अम्बाला में चार जगह आयोजित की गई है, जहां एडीसी अपराजिता ने स्वयं पहुंचकर ट्रेनिंग का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीसी अपराजिता ने बताया कि 25 मई को अम्बाला लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। इस चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिला अम्बाला में चार विधानसभा क्षेत्र हैं। जिसके तहत सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की मौजूदगी में इन स्थानों पर सभी सेक्टर सुपरवाईजर, पोलिंग पार्टीज, पीठासीन अधिकारियों व पोलिंग ऑफिसर की ट्रेनिंग करवाई गई है।



**इन स्थानों पर करवाई जा रही है ट्रेनिंग**

1 अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल अम्बाला शहर

2 अम्बाला कैंट विधानसभा क्षेत्र के तहत फारूखा खालसा स्कूल अम्बाला कैंट।

3 बराडा विधानसभा क्षेत्र के तहत डीएवी रिवर साइड स्कूल अम्बाला कैंट।

4 नारायणगढ विधानसभा क्षेत्र के तहत से बीपीएस पलेन्टेरियम अम्बाला कैंट।

**कर्मठता से ड्यूटी का निर्वहन करें कर्मचारी: एडीसी अपराजिता**

एडीसी अपराजिता ने सभी कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान कर्मठता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक हैं। इस लोकतांत्रिक प्रणाली में चुनाव सबसे महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में इन चुनावों को सहीं तरीके से आयोजित करवाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। चुनाव ड्यूटी के दौरान कोई भी कर्मचारी कौताही न बरते।

**लोकतांत्रिक प्रणाली**

**हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक हैं। इस लोकतांत्रिक प्रणाली में चुनाव सबसे महत्वपूर्ण विषय है**

## यदि बरतते है डयूटी के प्रति कोताही, आयोग लेगा एक्शन: रविन्द्रन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**लोकसभा** 2024 के आम चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को आर्य पी.जी. कॉलेज के सभागार में माइक्रो ऑब्जर्वर की पायलट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सामान्य ऑब्जर्वर ई. रविन्द्रन ने माइक्रो ऑब्जर्वर को चुनावी डयूटी में उनकी क्या भूमिका रहेगी इस पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से कराने को लेकर माइक्रो ऑब्जर्वर अहम भूमिका निभाते है। चुनाव में उनकी मुख्य भूमिका होती है। यदि कोई माइक्रो ऑब्जर्वर डयूटी के प्रति कोताही बरतता है तो वह इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।उन्होंने कहा कि वे पोलिंग स्टेशनों पर मतदान शुरू होने से डेढ़ घंटा पहले पहुंच कर स्थिति का जायजा लें व अगर जरूरत पड़े तो सामान्य ऑब्जर्वर को फोन व मैसेज भेज कर सूचित करे ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना से बचा जा सके व चुनाव को शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से कराया जा सके। उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर को अपना मोबाइल नम्बर भी शेयर किया। उन्होंने पायलट प्रशिक्षण में सभी ऑब्जर्वर को उनकी हदों से अवगत कराया व उनकी चुनाव सम्बन्धी क्यूरी का भी समाधान मौके पर किया। सामान्य ऑब्जर्वर ने प्रशिक्षण के बाद माइक्रो ऑब्जर्वर से चुनाव सम्बन्धी फीडबैक भी लिया। एसडीएम मनदीप सिंह ने पायलट प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर मॉक पोल के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि उन्हें हर घंटे रिपोर्ट करनी होगी। उन्होंने पोलिंग एजेन्ट, प्रीजाइडिंग ऑफिसर की चुनाव में भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक मतदाता 12 प्रकार के दस्तावेज दिखाकर अपनी वोट डाल सकता है। इस मौके पर उन्होंने 17 ए छंटनी रजिस्ट्रर को मैनटेन करने के बारे मे भी जानकारी दी। उन्होंने चैलेंज वोट के बारे मे जानकारी दी।



निगम संयुक्त कमिशनर मनी त्यागी ने बताया कि लोकसभा के चुनाव में सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्वक चुनाव में डयूटी देने का आह्वान किया व कही भी कोई भी चीज संदिग्ध दिखाई दे तो उसकी तुरंत रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को चुनाव के दिन समय पर पहुंच कर अपनी डयूटी को निष्पक्ष निभाने के निर्देश दिए। पायलट प्रशिक्षण में विभिन्न माइक्रो ऑब्जर्वरों ने सामान्य ऑब्जर्वर के समक्ष चुनाव से सम्बन्धित शंकाए भी रखी जिनका सामान्य ऑब्जर्वर ने हौसले से समाधान किया ।

## गीता विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र। केंद्रीय माध्यमिक** शिक्षा बोर्ड द्वारा बारहवीं व दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें गीता विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय से दसवीं के कुल 117 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 5 बच्चों ने मेरिट व 31 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उतीर्ण की। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100% रहा व कक्षा 12वीं में विद्यालय के कुल141 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 16 छात्रों ने मेरिट व 46 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की । कॉमर्स संकाय के छात्र साकेत ने 88% मार्क्स लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया विज्ञान संकाय से देवेंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व कॉमर्स संकाय के छात्र मोहित ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। । इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान अनिल कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने सभी अध्यापकों को भी साधुवाद देते हुए कहा कि यह सब की मिली जुली मेहनत का परिणाम है कि आज विद्यालय इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाया ।इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष अशोक रोशा ने कहा यहां से प्राप्त शिक्षा और संस्कार को हमेशा याद रखें और विद्या भारती के लक्ष्य की पूर्ति करते हुए जीवन में और ऊंचाइयों को छूते हुए मां-बाप और विद्यालय का नाम रोशन करें।

## हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें इंडिया गठबंधन जीतेगा: स्वीटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : इंडिया गठबंधन** के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद के गांव बोरिपुर में वोट की अपील की गई। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पुरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा।



## चंदन बाल विकास स्कूल का शानदार रहा परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा के विद्यार्थियों ने फिर से विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा- परिणाम शानदार रहने से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा । साथ ही अध्यापक भी इस अवसर से चूके नहीं। विद्यालय का टॉपर आदित्य रहा जिसने 97% अंक प्राप्त किए। भावना ने 96%, श्रेय ने 95.4%,निशा ने 94.2 % , वंशिका व निखिल ने 94% , अंक प्राप्त किए। अधिकतम अंक हिन्दी मे 97, अंग्रेजी में 97, गणित में 99, विज्ञान में 95, सामाजिक में 97, कंप्यूटर में 98, शारीरिक शिक्षा में 95 ,जीव विज्ञान में 94 ,अंग्रेजी में 98, इतिहास में 98 अंक प्राप्त किए। 90% से ज्यादा 13 , 80%से ज्यादा 31, 75%से ज्यादा 46 और 60% से ज्यादा 93 विद्यार्थी रहें। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की सफलता के लिए बधाई दी और पुष्प- मालाओं से उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि सभी विद्यार्थी जीवन में लग्नशील बन कर उन्नति के पथ पर अग्रसर हों व ऐसे ही अपने माता-पिता का नाम रोशन करते रहे और हर क्षेत्र में आगे भी वे अपनी पहचान बनाएं रखें। उन्होंने अध्यापकगण का भी धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि में अग्रगण्य ये ही हैं साथ ही अभिभावक गण का भी धन्यवाद किया जिनके पूर्ण सहयोग से विद्यार्थियों ने यह सफलता हासिल की है।




## वार्षिक परीक्षा परिणाम की खुशी मनाई गई

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य बाल भारती** पब्लिक स्कूल संचालित आर्य प्रतिनिधि हरियाणा ' मै आज 12वीं कक्षा व दसवीं कक्षा के वार्षिक परिणाम को लेकर विद्यालय में खुशी का माहौल है इस अवसर पर 12वीं कक्षा का परिणाम बड़ा शानदार रहा ' प्रिंसिपल श्री सत्यवान मलिक ने बताया कि 12वीं कक्षा के 185 बच्चों ने परीक्षा दी थी इसमें 47 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की है। जिसका परिणाम इस प्रकार से है ' साइंस मै मोहित ने 94. 8 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है दूसरा स्थान हर्ष 94.6 ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है अंश ने 92 पॉइंट लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है ' कॉमर्स में अंकित ने 91.4 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तनस्वी ने 91 पॉइंट लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया अंश ने 90.2 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया ' आर्ट में महक 93.8 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आयुषी 93% अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया काजल 90% अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया ' दसवीं कक्षा का परिणाम भी अति उत्तम एवं सराहनीय रहा हमारे विद्यालय के 154 बच्चों ने यह परीक्षा दी थी रिजल्ट 100% रहा ' इसमें 38 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक लेकर मेरिट में अपना स्थान बनाय ' विद्यालय की छात्रा सनौली 94.2 और शिवम 94.2 आयुष 94.2 तीनों छात्रों ने समान अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार ज्योति 93.8% लेकर दूसरे स्थान पर दृष्टि 93.2 लेकर तीसरे स्थान पर व ज्योति 92.8% लेकर चौथे स्थान पर रही ' इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के यशस्वी ऋषि दयानंद के भक्त महामंत्री श्री उम्मेद शर्मा भी उपस्थित रहे ' उन्होंने सभी विद्यार्थियों का फूल मालाओं से स्वागत किया और उनके अभिभावकों का भी समृद्धि चिन्ह देकर अभिनंदन व स्वागत किया गया उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय महर्षि देव दयानंद के बताए वेद मार्ग पर चलते हैं यहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की विद्या भी दी जाती है ' और इन संस्थानों में अनुशासित एवं जीवन संबंधित अच्छी विद्या भी दी जाती है ' हम ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद पंडित लेखराम आदि के पद चिन्ह पर चलते हैं मैं अपनी ओर से विद्यालय की प्रबंध समिति प्रिंसिपल साहब वह सभी शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं ' विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि हमारा विद्यालय समय-समय पर हर कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेता है हमारी संस्था ऋषि दयानंद के पद चिन्ह पर चलकर अच्छा परिणाम प्राप्त किया है रणदीप ने बताया कि मैं सभी विद्यार्थियों को उनके अभिभावक को और विद्यालय के सभी शिक्षकों को अपनी प्रबंध समिति की ओर से आभार प्रकट करता हूं।



## सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा बैरागी धर्मशाला मे लगाया गया जूस का लंगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सेवा ट्रस्ट यूके** (भारत) द्वारा बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे मंहत प्रेमदास जी की राज्य स्तरीय जयंती के उपलक्ष्य पर रियल जूस का विशाल भण्डारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैरागी समाज के प्रधान व प्रमुख समाजसेवी डाक्टर रामगोपाल मित्तल द्वारा की गई । उन्होने बताया की राज्य स्तरीय धर्मशाला के निर्माण में महंत प्रेमदास जी का बहुत बड़ा योगदान है । समाज के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है ।उन्होने समाज मे लडकियो की शिक्षा ओर समाज की एकजुटता के लिए बहुत कार्य किया । उन्होंने बैरागी समाज को एक सूत्र में बाधने का काम किया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा की मंहत प्रेमदास जी को उनकी जयंती पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है।



## संपादकीय

# सुशील मोदीः बिहार के राजनीतिक शिखर तक बनाया मुकाम

**बिहार** भाजपा में सुशील कुमार मोदी ऐसा नाम है, जो किसी परिचय का मोहताज नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य सुशील कुमार मोदी की पहचान एक जुझारू नेता के रूप में रही है। सामान्य परिवार से निकल बिहार के राजनीतिक शिखर का मुकाम बनाने के बीच संघर्ष की लम्बी राह भी रही है। छात्र संघ की राजनीति से उभरे सुशील मोदी जेपी आंदोलन से काफी प्रभावित थे। जेल भी गए। इनकी पहचान निर्भिक नेता की रही। छात्र राजनीति के दौरान लालू प्रसाद यादव सुशील मोदी साथ रहते थे लेकिन फिर उनकी राहें जुदा हो गईं। बाद में लालू के शासन के समय कई बड़े घोटालों का खुलासा सुशील मोदी ने किया। सुशील मोदी द्वारा दाखिल पीआईएल बिहार ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए चर्चित चारा घोटाले रूप में उजागर हुआ। सुशील मोदी की प्रारंभिक शिक्षा पटना के सेंट माइकल स्कूल से हुई। बीएससी बीएन कॉलेज से की। 1974 में जेपी आंदोलन के आह्वान पर एमएससी की पढ़ाई छोड़ दी और करीब 19 माह जेल में रहे। 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सुशील काफी सक्रिय रहे और स्कूली छात्रों को शारीरिक फिटनेस और परेड का प्रशिक्षण देने के लिए सिविल डिफेंस में कमांडेंट बने। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता ली। फिर 1977 में वो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और 1983 में परिषद के राष्ट्रीय स्तर पर महासचिव बने। करीब 34 साल राजनीति में सक्रिय रहे सुशील कुमार मोदी राज्यसभा, लोकसभा, विधान परिषद और विधानसभा यानी चारों हाउस के सदस्य रह चुके हैं। सुशील कुमार मोदी से पहले सिर्फ लालू प्रसाद यादव और नागमणि ही चारों सदनों के सदस्य रहे हैं। वर्ष 1990 में पहली बार पटना सेंट्रल से सुशील मोदी ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। 2004 में वो भागलपुर सीट से लोकसभा के सदस्य के तौर पर चुने गए। हालांकि 2005 में एनडीए की सरकार बनने के बाद सुशील मोदी को फिर से बिहार विधान मंडल दल का नेता चुना गया। तब उन्होंने लोकसभा से त्यागपत्र दिया था। वर्ष 2012 में वो फिर विधान परिषद सदस्य के तौर पर निर्वाचित हुए। इसके बाद 2018 में उन्हें राज्यसभा भेजा गया। तथ्यात्मक, संतुलित और संयमित भाषण देना इनकी पहचान रही है। कागजी आंकड़ों में महारत रखने वाले सुशील मोदी बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता के तौर पर रुतबा रखते थे। सरकार में कई अहम जिम्मेदारी संभालने के साथ वो तीन बार राज्य के उपमुख्यमंत्री भी रहे। 1996 से 2004 तक बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बने, 2011 में जीएसटी मंत्रियों की समिति के अध्यक्ष बने, 2013 में भाजपा के सरकार से अलग होने पर नेता प्रतिपक्ष बने और वर्ष 2017 में नीतीश सरकार में फिर बिहार के उपमुख्यमंत्री बने। कहा जाता है कि बिहार में जात आधारित राजनीति काम करती है। लिहाजा बिहार में ये अक्सर दिखाई देता था कि किसी जाति के बड़े नेता द्वारा अपने जाति के लोगों को खास तवज्जो दी जाती थी लेकिन सुशील कुमार मोदी उन नेताओं में से थे, जिन्होंने जात-पात को कभी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। वैश्य समाज से आने वाले सुशील कुमार मोदी ने कभी भी ऐसी स्थिति नहीं आने दी कि लोग कहें कि वो वैश्यों को पार्टी में प्राथमिकता दे रहे हैं। व्यक्तिगत परिचयः सुशील कुमार मोदी का जन्म 05 जनवरी 1952 को बिहार की राजधानी पटना में हुआ था।

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाक



ललित गर्ग

"स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है। दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है"

**पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निमार्ताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है। दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग ह्यआर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दोह्न जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। पीओके के लोग चीन - पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं।



## कविता

### आवारा, बंजारा बन जाऊंगा मैं

पलकों में समाँ जाऊंगा मैं।
तेरे सपनों में समां जाऊंगा मैं।

पवन बयार बन जाएगी तू,
महक बन फैल जाऊंगा मैं।।

महलों की अजीम शान है तू।
आवारा,बंजारा बन जाऊंगा मैं ।।

कहां खोजूं किस दर पर जाऊं ।
तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।

न तेरा पता है ना तेरी कोई खबर,
हवा में खुशबू बन जाऊंगा मैं ''

फुर्सत से करुंगा हिसाब ए जिंदगी,
तलाश में यायावर बन जाऊंगा मैं।।

सूरज की रोशनी सी रोशन तू,
रात का सितारा बन जाऊंगा मैं।

तेरी अँखियों में अपनी शरारत छोड़ ,
फिजाओं में तसव्वुर बन जाऊंगा मैं ''

संजीव ठाकुर

## मानव जीवन, वन करे चित्कार

संजीव

**वर्तमान में** पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं। विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं।

इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं।

## विचार

# कामदार से राहुल बनकर भी देखिये कभी

राकेश

**करोड़ों के** सरकारी विमान में उड़ान भरते हुए,हजारों किलो गुलाब और गेंदे के फूलों की महक को आत्मसात करते हुए चुनाव प्रचार करना ,नामांकन भरना आसान है लेकिन आम आदमी की तरह किसी सेलून में जाकर हजामत बनवाना कठिन काम है। कम से कम नामदार लोग तो ऐसा नहीं कर सकते ,लेकिन अंधभक्तों की नजर में पप्पू' राहुल गांधी ने ऐसा कर दिखाया और देश को बिना एक शब्द कहे ये बता दिया कि असली कामदार और असली नामदार कौन है ? संकीर्णता और आत्मग्लानि से उबरना बहुत कठिन काम है । देश का नेतृत्व करने वाले तमाम नेता अपनी हीनता और दीनता को छिपाने के लिए क्या कुछ नहीं करते। अब तो नौबत ये आ गयी है कि मध्यप्रदेश में केंद्र सरकार के एक मंत्री [जो स्वयंभू महाराज भी हैं ] कार की छत पर चढ़कर भांगड़ा करते हैं तो उनके कप्तान देश में नया चूड़ी उद्योग खोलने के संकेत दे रहे हैं। कोई सरकार किसी देश को चूड़ियाँ पहनाने की बात कर अपनी मजबूती का नहीं बल्कि अपने दम्भ और वैचारिक दीवालियेपन का मुजाहिरा कर सकती है। चूड़ी भारतीय संस्कृति में महिलाओं का एक महत्वपूर्ण आभूषण है। कांच की चूड़ियां आम हाँ लेकिन खास लोग और खासकर नकली कामदार सोने-चंडी की चूड़ियां भी अपने परिवार की महिलाओं को पहनाते हैं। फिरोजाबाद की चूड़ियां देश और एशिया में मशहूर है। चूड़ियों का कोई मजहब नहीं होता । चूड़ियां हिन्दू भी पहनते हैं और मुसलमान भी । अगड़े भी पहनते हैं और पिछड़े भी । दलित भी पहनते हैं और महाहदलित भी। चूड़ी बनाने वाले ज्यादातर लोग मुसलमान होते हैं और पहनने वाली महिलाएं हिन्दू। आजतक किस हिन्दू महिला ने चीड़ियाँ पहनने से इसलिए इंकार नहीं किया कि उन्हें बनाने और पनाने वाले हाथ मुसलमान या किसी और मजहब वाले के है। कोई मनिहार या मनिहारिन किसी कलाई से उसका मजहब नहीं पूछती । ये काम तो केवल और सियासत वाले करते हैं। तमिल में चूड़ी को 'वलायल' और तेलुगु में 'गाजू' भी कहा जाता है। अंग्रेजी में इसे बेंगल कहते है जो हिन्दी के ही शब्द बंगरी से बना है

चूडिया एक और जहां सुहाग यानि सौभाग्य का प्रतीक हैं वहीं चूड़ियाँ भेंट करना सामने वाले की कमजोरी ,अकर्मण्यता,दीनता को उजागर करने का तरीका भी है । विपक्ष में रहने वाले लोग अक्सर सत्ता प्रतिष्ठान और नौकरशाही को चूडिया पहनाने की कोशिश करता है। मजे की बात ये है कि पूरे दस साल केंद्र की सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा और भाजपा के नेताओं का चूड़ी भेंट करने का तौर-तरीका बदला नहीं है । वे अब विपक्ष को तो चूड़ियाँ पहना नहीं सकते लेकिन पड़ौसी देश को चूड़ी पहनाने की बात जरूर करने लगे हैं। उन्हें लगता है कि देश का विपक्ष इन दिनों पड़ौसियों की शह पर सत्ता प्रतिष्ठान की राह में रोड अटका रहा है।

बात राहुल गांधी से शुरू हुई थी और वहीं समाप्त भी होना चाहिए,इसलिए मै आपको दोबारा राहुल गांधी की उस तस्वीर की और ले चलता होऊं जो हाल ही में चुनाव प्रचार से समय निकालकर एक हजामत बनाने वाले की दूकान से ली गयी है। बकौल भाजपा राहुल शाहजादा है। चांदी की चम्मच मुंह में रखकर पैदा हुए है। नामदार हैं और सबसे बड़ी बात पप्पू हैं। हम ये सब बातें मान लेते हैं क्योंकि बड़ों की बातें मानने में ही आजकल भलाई है ,लेकिन हमारा सवाल भी है कि आप कामदार होते हुए राहुल की तरह जनता से सीधे क्यों नहीं जुड़ पा रहे ? क्यों आप सड़कों पर पैदल नहीं चल सकते ? क्यों आप किसी आम आदमी या कामदार की तरह अपनी हजामत किसी साधारण सेलून में बनवाने की हिम्मत नहीं कर रहे ?

दरअसल चंडी की चम्मच मुंह से निकाल फेंकना जितना कठिन काम है उतना कठिन काम कामदार से नामदार होना भी है । जो आदमी फर्श से अर्श पर आता है वो कभी भूले से भी नीचे नहीं आना चाहता। उसे विलासता का जीवन जीने की आदत पड़ जाती है और उसके छीने जाने की कल्पना मात्र से ही उसका रोम-रोम कांपने लगता है। वैभव और विलासता के बीच बने रहने के लिए वो एक,दो नहीं अनेक अवसर माँगता है। उसके सामने कोई नैतिकता,कोई नजीर,कोई संविधान काम नहीं करता। उसके सर पर हमेशा एक ही भूत सवार रहता है कि कोई शाहजादा कहीं सिंहासन पर कब्जा करने तो नहीं आ रहा ?


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कामकाजी माताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना

विजय गर्ग

**कामकाजी** महिलाओं के लिए अनिश्चितता से बचाव और वित्तीय नियोजन में बीमा की महत्वपूर्ण भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता मातृ दिवस वास्तव में उन अद्भुत महिलाओं का जश्न मनाने का एक विशेष दिन है जिन्होंने हमारे जीवन में अपूरणीय भूमिका निभाई है। कैरियर की आकांक्षाओं और पारिवारिक जिम्मेदारियों के दैनिक संतुलन कार्य के बीच, उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता अक्सर पीछे रह जाती है। बीमा खरीदारों में क्रमिक वृद्धि के बावजूद, इस आवश्यक सुरक्षा का लाभ उठाने वाली महिलाओं का अनुपात अनुपातहीन रूप से कम है। यह न केवल कार्यबल जनसांख्यिकी में अंतर को रेखांकित करता है, बल्कि महिलाओं के बीच एक व्यापक धारणा को भी उजागर करता है कि जीवन बीमा एक तत्काल आवश्यकता नहीं है। माताएँ चाहे कामकाजी पेशे में हों या गृहिणी, कई घरों की गुमनाम नायिकाएँ होती हैं। कामकाजी माँ पेशेवर प्रतिबद्धताओं और पारिवारिक कर्तव्यों दोनों को शालीनता और लचीलेपन के साथ निभाती है, जबकि गृहिणी घर के भीतर अलग-अलग जिम्मेदारियाँ निभाती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके परिवारों की देखभाल की जा रही है। वे शक्ति के स्तंभ के रूप में काम करते हैं, अपने परिवारों को अटूट समर्थन और प्यार प्रदान करते हैं। हालाँकि, गतिविधियों के दैनिक बवंडर के बीच, अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण पहलू को कभी-कभी दरकिनार किया जा सकता है। वित्तीय नियोजन के क्षेत्र में, टर्म इंश्योरेंस एक मूक लेकिन दुर्जेय ढाल के रूप में उभरता है, जो जीवन की अनिश्चितताओं के खिलाफ व्यापक सुरक्षा प्रदान करता है। बीमा के अन्य रूपों के विपरीत, टर्म इंश्योरेंस शुद्ध सुरक्षा कवरेज प्रदान करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की मृत्यु की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में, उनके लाभार्थियों को पूर्व निर्धारित बीमा राशि प्राप्त होती है। भविष्य की सुरक्षाः कामकाजी माताओं के लिए, उनके प्रियजनों के भविष्य की भलाई की सुरक्षा के लिए टर्म इंश्योरेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मैं निष्पक्ष हूँ

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** बार की बात है, एक छोटे से गाँव में जहां शांति और सामाजिक उतार-चढ़ाव का खाता जोर-शोर से चल रहा था, वहां रहने वाले लोगों के जीवन में एक नया चमत्कारिक तत्व आया। यह चमत्कारिक तत्व था - सांप। हां, आपने सही सुना। गाँव में एक सांप ने अपना आवास बनाया और उसके आने से गाँव का माहौल ही बदल गया। इस सांप की खबर सुनकर, गाँव के लोगों में अनेक सवाल उठे। "इतनी भीड़-भाड़ वाली जगह में साँप क्यों आया?" "क्या यह सांप वाकई यहाँ रहना चाहता है या कुछ और करने आया है?" "यहाँ कैसे आया?" और बहुत कुछ। लेकिन जवाब कहीं नहीं मिला। एक दिन, एक नया शहरी आया जिसका नाम था श्रीकांत। वह गाँव में अपने खाली समय के लिए आया था, और उसने सांप के बारे में सुना था। उसने सोचा, "यह कैसा अजीब महौल है जहां लोग सांप के साथ रहने में आनंद ले रहे हैं।" उसने तुरंत जानने की इच्छा व्यक्त की और सांप के पास पहुँचा। सांप को देखकर श्रीकांत ने हंसते हुए पूछा, "तुम यहाँ कैसे?" सांप ने आराम से उत्तर दिया, "क्या, सांप को कभी कभार यहाँ आने का हक नहीं है?" श्रीकांत को थोड़ी हैरानी हुई, "तुम्हें यहाँ रहना कैसे पसंद आया?" सांप ने मुस्कुराते हुए बताया, "हाँ, यहाँ का मौसम तो बिलकुल बढ़िया है।" श्रीकांत ने आश्चर्य से पूछा, "क्या तुम सांप ही हो या फिर कोई और?" सांप ने खुशी से कहा, "मैं सांप लिमिटेड कंपनी का मालिक हूँ, और मैं राजनेताओं की सहाात के लिए यहाँ आया हूँ।" श्रीकांत को हंसी आई, "क्या, राजनेताओं की सहायता?" सांप ने मुस्कुराते हुए कहा, "हाँ, हम उनकी रैलियों में विष उगलते हैं।"

श्रीकांत ने हंसते हुए कहा, "तो किस पार्टी के लिए?" सांप ने अदाकारी से जवाब दिया, "हम निष्पक्ष हैं। हमारा विष सभी के लिए है, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो।" श्रीकांत की हँसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। उसने कहा, "यहाँ का माहौल ही कुछ अलग है।" सांप ने बड़ी समर्पण भावना से कहा, "हाँ, यहाँ का माहौल अलग है, लेकिन हमें अपने काम पर विश्वास है।"

## न्यूज फ्लैश

### डी.ए.वी पब्लिक स्कूल की छात्र इशिका ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का गौरव बढ़ाया



राई। सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें जयंती प्रसाद डी ए वी पब्लिक स्कूल की छात्रा इशिका ने कक्षा 12वीं में 97.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेडिकल में साहिबा ने 94.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, ओजस्वी ने नॉन मेडिकल में 93.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में इशिता जैन ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनम ने 95.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान एवं दीपिका ने 94.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं की छात्रा सोनल ने गणित विषय में 100 अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रौशन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक वर्ग को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मेधावी छात्रों के परिजनों व छात्रों का रौनक पब्लिक स्कूल में किया सम्मान



गन्नौर। रौनक पब्लिक स्कूल के 12वीं व 10वीं के परीक्षा परिणाम में बेहतर स्थान प्राप्त छात्रों के अभिभावकों के सम्मान में कार्यक्रम किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बेहतर अंक लेने वाले छात्रों का प्रधानाचार्या ने मुंह मीठा करवाया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल अपने सामाजिक सरोकारों को तो पूरा करता ही है,साथ में बच्चों को भारतीय संस्कारों से भी परिचित करवाता है। सभी संस्कारों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर अभिभावक दयानंद पाहुजा ,रितु पाहुजा सुरेश झांम, वीना झाम आदि उपस्थित थे।

### अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी गमें बारहवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत




गन्नौर। अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में बारहवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत - प्रतिशत रहा। सभी छात्र और छात्राओं ने एक -दूसरे को मिठाई खिलाते हुए बधाइयां दी और माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के सभी अध्यापकों को भी गौरवान्वित किया। छात्र लक्ष्य, दिपांशी, जतिन,पायल ने मेहनत की सफलता का परचम लहराया। छात्र कुशाल सैनी, गौरव, यशस्वी, लक्षिता ने विद्यालय का नाम और अपने भविष्य को उज्जवल किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों की शिक्षा-दीक्षा उन्हें जीवन में आगे से आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए छात्रों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि समय-समय पर हमें अपने बच्चों को प्रेरित करते रहना चाहिए।

### लापता हुआ खरखौदा से 15 वर्षीय२ बच्चा



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा पुलिस को** मोसीना पत्नी बिलाल ने शिकायत देते हुए बताया कि वो खरखौदा के वार्ड संख्या 12 की रहने वाली है। शिकायत में महिला ने बताया कि 12 मई को उसका 15 वर्षिय बेटा जोयब बिना बताए घर से कही चला गया है। पिता बिलाल ने बताया कि उसको सभी जगह तलाश किया गया हैं लेकिन उसका कही पता नही चला सका। महिला ने शिकायत में उसके बेटे का अपहरण का शक भी जताया हैं। फिलहाल उपरोक्त महिला मोसीना की शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दी है।

# ईवीएम का किया गया सप्लीमेंटरी रैंडमाइजेशन, विधानसभा अनुसार किया अलॉट : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव 2024 तथा करनाल विधानसभा के उपचुनाव को पारदर्शिता के साथ करवाने के उद्देश्य को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का सप्लीमेंटरी रैंडमाइजेशन किया गया। यह रैंडमाइजेशन उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने के कारण तथा अतिरिक्त बूथो के लिए किया गया, जिसके तहत डबल बैलेट यूनिट (बीयू) व ईवीएम को अतिरिक्त बूथो के लिए विधानसभा अनुसार अलॉट किया गया। इस मौके पर सभी एआरओ तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा 1500 से अधिक मतदाता की संख्या वाले पोलिंग बूथो की पहचान की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में 4 अतिरिक्त मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें करनाल विधानसभा में 2 मतदान केन्द्र, इन्द्री व नीलोखेड़ी में एक-एक मतदान केन्द्र शामिल है।

**क्या है रैंडमाईजेशन**

उन्होंने बताया कि चुनावों में पारदर्शिता बरतने के लिए भारत चुनाव आयोग की ओर से जारी एक ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के जरिए रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। चुनाव में प्रायः पोलिंग स्टाफ और ईवीएम की रैंडमाईजेशन की जाती है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें एक क्रमवार सूची को सॉफ्टवेयर से अक्रमिक कर सूची तैयार की जाती है, ताकि कोई भी राजनैतिक पार्टी चुनाव अधिकारियों द्वारा तैयार की गई सूची पर संदेह ना जताए। इसी कड़ी में लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चनुाव को लेकर रैंडमाईजेशन में अलग-अलग क्रम पर दी गई ईवीएम को विधानसभावाईज अलॉट कर दिया गया है।

**बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं का घर पर करवाया जाएगा बैलेट पेपर से मतदान**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुर्जुग मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर ही मतदान करने के लिए 341 मतदाताओं ने आवेदन किया है। इन मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने उनके घर पर ही बैलेट पेपर से मतदान के लिए पोलिंग पार्टी की ड्यूटी लगाई जाएगी। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मतदान की पूरी प्रक्रिया को अपनाया जायेगा। जिसकी वीडियोग्राफी भी होगी। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे ऐसे मतदाताओं के लिए पोलिंग ऐजेंट नियुक्त करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्थापित किए गए 1151 पोलिंग बूथो पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए हैं।

## ड्यूटी देने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को दी गई ईवीएम की ट्रेनिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव 2024 के मद्देनजर मंगलवार को असंध विधानसभा क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी देने वाले सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को ईवीएम की ट्रेनिंग दी गई। यह ट्रेनिंग कार्यक्रम रेलवे रोड स्थित एसबीएस सीनियर सीकेण्डरी स्कूल के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ढुल ने की। इसी कड़ी में मास्टर ट्रेनरों द्वारा चुनाव में ड्यूटी देने वाले सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को ईवीएम की ट्रेनिंग के साथ-साथ डैमो भी दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी पीओ व एपीओ को चुनाव से संबंधित कुछ जरूरी जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ढुल ने बताया कि यह ट्रेनिंग कार्यक्रम एक दिवसीय रखा गया है। इसमें असंध विधानसभा क्षेत्र के सभी 243 बूथों पर चुनाव में ड्यूटी देने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को ईवीएम की ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने बताया कि इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में 11 सैक्टर मजिस्ट्रेट, 20 सैक्टर सुपरवाईजर तथा रिजर्व सहित 267 पोलिंग पार्टियों को ईवीएम की विस्तार से ट्रेनिंग दी गई।

## पड़ोसी पर पत्थर से हमला, दो के खिलाफ केस

**गन्नौर। लल्हेड़ी गांव** में पड़ोसी ने अपने साथी के साथ मिलकर पड़ोसी पर पत्थर से हमला कर उसे घायल कर दिया। जिस कारण वह घायल हो गया। घायल ने मामले कि शिकायत बड़ी थानां पुलिस को दी है। शिकायत में लल्हेड़ी निवासी नरेंद्र ने बताया कि 12 मई की शाम को वह अपने प्लाट पर बैठा था। इस दौरान उनका पड़ोसी कुलदीप अपने साथी के साथ वहां आया और पत्थर उठा कर उस पर हमला कर दिया। जिस कारण वह घायल हो गया। पुलिस ने नरेंद्र की शिकायत पर कुलदीप व उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस ने जमीन से लेकर पाताल तक घोटाला किया: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः लोकसभा चुनाव** को लेकर मंगलवार को जुलाना में भाजपा के विजय संकल्प रैली का आयोजन हुआ। आयोजित रैली के दौरान मंच एक साथ दो लाल की उपस्थिति से उत्साहित जनसमूह द्वारा जय श्रीराम और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे से पूरा पांडाल गूंज उठा। मंच पर उपस्थित दोनों लाल हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सोनीपत से भाजपा प्रत्यासी मोहन लाल ने एक साथ जनसमूह का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार संकल्प को पूरा करने की अपील की। सोनीपत के जुलाना में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के समर्थन में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। आयोजित विजय संकल्प रैली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शामिल होकर मोहन लाल बडौली को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर जुबानी हमला किया। कहा कि कांग्रेस सरकार में जमीन से लेकर पाताल तक घोटाले होते थे। कांग्रेस पार्टी की सरकार लूट, भ्रष्टाचार और अपराध की सरकार बन चुकी है। कहा कि, देशभर में मिल रहे अपार जनसमर्थन से साफ हो चुका है कि, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार जीत रही है। क्योंकि डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं और युवाओं को मजबूत करने का काम किया है। आज 10 वर्षो में देश विश्व पटल पर उभर कर सामने आया है। देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने वाले पीएम मोदी के कार्यों को देखकर कांग्रेस समझ चुकी है की अब हमारी दाल गलने वाली नहीं है। आज कांग्रेस के पास न तो नीति है ना नियत और नेतृत्व का तो पता ही नहीं है। देशभर में भाजपा के समर्थन में उमड़ रहा जन सैलाब बता रहा है की 4 जून को जब परिणाम आएगा तो कांग्रेस हर जगह से साफ दिखेगी। इस दौरान उन्होंने आयोजित विजय संकल्प रैली में भारी संख्या में उमड़े जनसैलाब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सोनीपत के भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली को भारी से भारी मतों से जिताने के लिए निवेदन और अपील किया।

## विशेष प्रचार वाहन से वोट डालने का संदेश पहुंच रहा है घर-घर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त** एवं स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी अखिल पिलानी ने कहा कि जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का विशेष प्रचार वाहन 25 मई को वोट डालने का संदेश घर-घर तक पहुंचा रहा है। इस प्रचार वाहन ने पहले दो दिन इंद्री और घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के 18 गांवों को कवर किया है और बुधवार को असंध और नीलोखेड़ी के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार वाहन पहुंचेगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष प्रचार वाहन तैयार किया है। इस विशेष प्रचार वाहन ने 13 मई को इंद्री विधानसभा क्षेत्र के रम्बा, खेड़ी मानसिंह, समोरा, गढ़ी जाटान, बीबीपुर जाटान, जनेसरों, नोरता, इंद्री व मटक माजरी गांवों को कवर किया है जबकि 14 मई को घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के कोहण्ड, गुढा, शेखपुरा, मलिक पुर, फुरलक, उपली, रसीन, हसनपुर और बसताड़ा गांवों को कवर किया गया है। इन गांवों में देर सायं तक प्रचार-प्रसार किया गया है।

## पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में है सबसे ज्यादा 2 लाख 75 हजार 830 वोट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 2 लाख 75 हजार 830 वोट है, जबकि इस लोकसभा क्षेत्र की इसराना आरक्षित विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 1 लाख 82 हजार 014 वोट है। अहम पहलू है कि इस लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभाओं से 9 लाख 96 हजार 503 महिला मतदाता अपनी वोट का प्रयोग करेंगी। इस करनाल लोकसभा में कुल 2 हजार 27 बूथ बनाये गए है। इन सभी बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गए है। उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र के पानीपत जिला में पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 75 हजार 830 मतों में 1 लाख 28 हजार 19 वोट महिलाओं और 1 लाख 47 हजार 807 पुरूष मतदाता है, जबकि 4 वोट ट्रांसजेंडर के है। इस जिले की पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 23 हजार 911 वोटों में 1 लाख 5 हजार 265 महिलाएं और 1 लाख 18 हजार 639 पुरूष तथा 7 वोट ट्रांसजेंडर के है। उन्होंने कहा कि इसराना आरक्षित सीट में 1 लाख 82 हजार 14 वोटों में से 85 हजार 304 महिलाएं, 96 हजार 708 पुरूष और 2 वोट ट्रांसजेंडर के है। इस जिले की समालखा विधानसभा सीट पर 2 लाख 26 हजार 28 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे इसमें से 1 लाख 5 हजार 435 महिलाएं और 1 लाख 20 हजार 592 पुरूष मतदाता है। इस विधानसभा में 1 वोट ट्रांसजेंडर की है। इस प्रकार पानीपत जिले में कुल 9 लाख 7 हजार 783 वोटों में 4 लाख 24 हजार 23 महिलाएं, 4 लाख 83 हजार 746 पुरूष और 14 वोट ट्रांसजेंडर के है। उन्होंने कहा कि करनाल जिले की नीलोखेड़ी आरक्षित विधानसभा में कुल 2 लाख 34 हजार 67 वोटों में 1 लाख 12 हजार 366 महिलाएं, 1 लाख 21 हजार 697 पुरूष व 4 ट्रांसजेंडर, इंद्री विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 17 हजार 980 वोटों में से 1 लाख 4 हजार 552 महिलाएं, 1 लाख 13 हजार 424 पुरूष, 4 ट्रांसजेंडर, करनाल विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 62 हजार 821 वोटों में 1 लाख 27 हजार 11 महिलाएं, 1 लाख 35 हजार 805 पुरूष और 5 ट्रांसजेंडर वोट शामिल है।

## करनाल हलके की पोलिंग पार्टियों को किया प्रशिक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। करनाल हलके** की पोलिंग पार्टियों की ट्रेनिंग आज यहां पंचायत भवन में एसडीएम अनुभव मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को मॉक पोल, ईवीएम व वीवीपैट को सील करने का तरीका तथा विभिन्न प्रकार के फार्मों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कौन-कौन से फार्म किस लिफाफे में डालकर कैसे सील करने हैं। उन्होंने पीठीसीन अधिकारियों से कहा कि वे टीम के अन्य सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्ण निष्ठ्दा व ईमानदारी से चुनाव को संपन्न करायें। पोलिंग पार्टियों से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को दयाल सिंह कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर दिनेश कुमार व भूपिन्द्र सिंह ने ट्रेनिंग दी। मास्टर ट्रेनर रणजीत सिंह ने ईवीएम व वीवीपैट का डेमो दिया। प्रोफेसर दिनेश कुमार ने मॉक पोल की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 5.30 बजे दो पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में यह प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिये। यदि किसी कारणवश पोलिंग एजेंट मौजूद नहीं है तो 15 मिनट इंतजार के बाद एक एजेंट की मौजूदगी में प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।। यदि एक भी एजेंट मौजूद न हो तो सुपरवाइजर/सेक्टर आफिसर/नोडल अधिकारी की मौजूदगी में, यदि ये तीनों भी उपलब्ध न हों तो पूरी टीम मिलकर मॉक पोल की प्रक्रिया को पूरा करे। मॉक पोल के लिये नोटा सहित 50 वोट डालना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वीवीपैट से पर्चियां निकालकर उनका सीयू से मिलान करने के बाद इन पर्चियों के पीछे हस्ताक्षर करने के बाद इन्हें काले रंग के लिफाफे में सीलबंद कर दें। मॉक पोल संबंधी सर्टिफिकेट के लिये पीओ रिपोर्ट नंबर एक को भरें। सीयू को क्लीयर करने के बाद मतदान की प्रक्रिया निर्धारित समय पर आरंभ करें। एसडीएम ने बताया कि पीठासीन अधिकारियों को दो डायरियां भरनी होंगी।

एक लोकसभा और दूसरी विधानसभा उप चुनाव के लिये।

## मातृ दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**



**अंबालाः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पंजोखरा साहब , अंबाला , हरियाणा के नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले हिंदी विषय के विद्यार्थियों ने संस्कारों और नैतिक मूल्यों के विकास के प्रयास की कड़ी में मातृ दिवस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी विद्यार्थियों ने इस दिन के लिए कई दिन पहले ही विशेष तैयारियां आरंभ कर दी थी ।वहीं समय समय पर अपनी हिंदी अध्यापिका डॉ.सोनिका से फीडबैक एवं इस विशेष दिवस के लिए चर्चा तथा छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्लानिंग की गई । बच्चों द्वारा तैयार कार्ड, सेल्फी विद मदर,भावाअभिव्यक्ती,कविता पाठ , व्यंजन बना कर माता पिता को खिलाना आदि विशेष रहा। सोनिका ने कहा कि विद्यार्थियों के प्रयासों ने जहां भाव विभोर कर दिया वहीं इस विश्वास को और पुख्ता बना दिया कि यदि एक अध्यापक संस्कारों के बीज बच्चों में रोपता है तो बच्चे उन बीजों को वट वृक्ष बनाने में अपना योगदान जरूर देते हैं। डॉक्टर सोनिका सदैव गतिविधि आधारित शिक्षण को प्राथमिकता देती हैं ताकि मोबाइल की दुनिया से निकल कर बच्चे कुछ समय अपनी भारतीय सभ्यता और संस्कृति के कामों में लगाए जो उनकी रचनात्मकता को उभारें। उन्होंने बताया कि एक मां ही है जो अनगिनत कष्ट उठा कर बच्चे की परवरिश में दिन रात एक कर देती है। जो अपना सुख चैन, नींद त्याग बच्चे का लालन पालन करती है।दिन शुरू का तो पता रहता है मगर कब रात हो जाती है कामों की लिस्ट फिर भी बाकी दिखती है। थकान, भूख प्यास नींद आराम सबको भुला कर बस बच्चों के चेहरे की मुस्कान के लिए तत्पर रहती है। पर शायद कोई सोचता ही कहां है कि वो भी इंसान है, उसे भी प्रेम, सत्कार की जरूरत है। आज विद्यालय के इन बच्चों के प्रयासों को साधुवाद देते हुए यही कहना चाहूंगी कि उम्मीद की किरण आज भी बाकी है।

## घर-घर तक पहुंचाएगा मतदाता जागरूकता का विशेष गाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। अंडर ट्रेनिंग** आईएएस योगेश सैनी ने कहा कि अब वोट डालने का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिए मतदाता जागरूकता को लेकर तैयार किया गया विशेष गाााना अहम भूमिका अदा करेगा। इस मतदाता जागरूकता गाने को सेवानिवृत्त डीआईपीआरओ एडवोकेट धर्मवीर सिंह ने लिखा है और बकायदा यू टयूब चैनल पर भी गाने को अपलोड किया गया है। अहम पहलू है कि इस गाने को जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी करनाल कार्यालय के कलाकार सुमेर पाल ने गाया है।ंडर ट्रेनिंग आईएएस योगेश सैनी मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले अंडर ट्रेनिंग आईएएस योगेश सैनी ने सेवा निवृत डीआईपीआरओ एडवोकेट धर्मवीर सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर लिखे गए गाने का ऑडियो व वीडियो करनाल लोकसभा के लिए लांच किया है। इस गाने को विशेष प्रचार वाहन पर चलाया जाएगा और इस वाहन के माध्यम से करनाल लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रशासन के 25 मई के दिन वोट डालने के संदेश को घर-घर पहुंचाएगा। अंडर ट्रेनिंग आईएएस योगेश सैनी ने कहा कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन स्वीप गतिविधियों के साथ आमजन को जोडने.का प्रयास किया जा रहा है ताकि आम नागरिक भी प्रशासन के साथ मिलकर निर्वाचन आयोग के 25 मई के दिन वोट डालने के संदेश को मतदाताओं तक पहुंचा सके। जब सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मत का प्रयोग करेंगे तो निश्चित ही सरकार और प्रशासन का मकसद पूरा हो पाएगा। इस अभियान के साथ हर व्यक्ति को जुडना चाहिए और देश के लिए सेवा करने के अवसर को नहीं गवाना चाहिए। सेवानिवृत्त डीआईपीआरओ धर्मवीर सिंह ने कहा कि मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर ही यह मतदाता जागरूकता गाना लिखा गया है। इस गाने को विभाग के कलाकार सुमेर पाल ने गाया है। इससे पहले भी वर्ष 2019 में मतदाता जागरूकता गाना लिखा था और मई 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के लिए अंबाला की तत्कालीन उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ और उस समय एडीसी रहे शक्ति सिंह ने लांच किया था। इसी प्रकार अक्तूबर 2019 में विधानसभा चुनाव को लेकर भी एक अन्य मतदाता जागरूकता गाना लिखा गया था। उस समय अंबाला के डीसी अशोक शर्मा और एसपी अभिषेक जोरवाल ने गाने को लांच किया था।

## 2 से 7 मई के बीच आयोजित अमेजन ग्रेट समर सेल के दौरान देखने को मिले ये खास ट्रेंड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडाः** अमेजन के एक प्रवक्ता ने कहा, दक्षिण और पूर्वी क्षेत्र के ग्राहकों के बीच एयर कूलर और एसी की मांग (पिछले वर्ष की तुलना में 2 गुना ज्यादा) में जोरदार तेजी देखी गई। यहां ग्राहकों के बीच 5 स्टार और वाईफाई एसी की मांग सबसे ज्यादा थी। अमेजन फैशन की बात करें तो यहां पहली बार खरीदारी करने वाले 65% खरीदार टियर 2-3 शहरों से थे। ग्राहकों ने पेस्टल, फ्लोरल, आरामदायक एथनिक और फ्यूजन वियर जैसे स्प्रिंग-समर ट्रेंड की जमकर खरीदारी की। इसके साथ ही फल, योगर्ट ड्रिंक से लेकर फलों के रस (पिछले वर्ष की तुलना में 2 गुना वृद्धि), समर फ्रेगरेंस (पिछले वर्ष की तुलना में 9 गुना वृद्धि) की खरीदारी के साथ ग्राहकों ने इस साल गर्मियों का स्वागत शानदार स्टाइल से किया है। अमेजन के प्रवक्ता ने कहा कि इस सेल के दौरान हमने समर ट्रैवल में भी जोरदार उछाल देखा है। सेल के दौरान केबिन ट्रॉली और ट्रॉली सेट में 3 गुना वृद्धि देखी गई। इसी के साथ ही टीवी (पिछले साल की तुलना में ग्रेट समर सेल के पहले दिन 1.4 गुना सेल) और गेमिंग कुर्सियाँ, बीन बैग एवं रिक्लाइनर जैसे फर्नीचर की बिक्री में जोरदार वृद्धि देखी गई है। अमेजन के प्रवक्ता ने कहा। "अमेजन फैशन में, हमारा मिशन अपने ग्राहकों को मनपसंदीदा स्टाइल हासिल करने में मदद करना है। इसके साथ ही हमारी कोशिश उन्हें एक ऐसा सेल्फ केयर रुटीन प्राप्त करने में मदद करना है जो उन्हें बेहतरीन, स्टाइलिश और संपूर्णता का अहसास कराए। हम देश भर में अपने ग्राहकों को लोकप्रिय ब्रांडों के ट्रेंडिंग स्टाइल का खासतौर पर तैयार किया गया एक विशाल संग्रह उपलब्ध करा रहे हैं। यह शानदार संग्रह किफायती कीमत पर और सुविधाजनक रूप से उपलब्ध है। इस बार गर्मी के मौसम में, हमें महिलाओं के एथनिक परिधानों की बिक्री में 2.5 गुना वृद्धि देखने को मिली है।

# 'आप' ने मालीवाल के साथ बदसलूकी पर तोड़ी चुप्पी

## पार्टी नेता संजय सिंह ने मारपीट की बात को स्वीकारा है और कहा है कि मुख्यमंत्री इस मामले में गंभीर हैं और सख्त कार्रवाई की जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के मुख्यमंत्री** आवास पर पार्टी नेता और सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट के मामले में पहली बार आम आदमी पार्टी (आआपा) की ओर से बयान आया है। पार्टी के नेता संजय सिंह ने मारपीट की बात को स्वीकारा है और कहा है कि मुख्यमंत्री इस मामले में गंभीर हैं और सख्त कार्रवाई की जाएगी। आआपा सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वाति मालीवाल के मामले पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि कल महिला सांसद मुख्यमंत्री आवास पर आयीं थीं। वे ड्राइंग रूम में इंतजार कर रहीं थीं। तभी विभव कुमार ने आकर स्वाति मालीवाल से बदतमीजी और अभद्रता की। यह निंदनीय घटना है। अरविंद केजरीवाल ने घटना का संज्ञान लिया है और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने कल पहले फोन पर फिर पुलिस से मौखिक शिकायत की थी कि दिल्ली मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट हुई है। पुलिस ने मामले की पुष्टि की थी। दिल्ली पुलिस ने रोजनामचा में स्वाति मालीवाल की शिकायत दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने कहा, मैं अभी सीएम के घर पर हूं। उन्होंने अपने पीए वैभव कुमार से मुझे बुरी तरह पिटवाया है।





**कार्रवाई होगी**

**दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि वे इस घटना की निंदा करते हैं**

हांलाकि स्वाति मालीवाल ने अब तक लिखित शिकायत नहीं दी है। दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि वे इस घटना की निंदा करते हैं और पूरी घटना की जांच की मांग करते हैं। किसी भी महिला के साथ इस तरह का बर्ताव होने पर उसे न्याय मिलना चाहिए।

## हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। दिल्ली हाई कोर्ट में मंगलवार को दोपहर बाद सुनवाई के दौरान ईडी ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया। ईडी की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि अगली चार्जशीट में आम आदमी पार्टी को आरोपित बनाया जाएगा। हुसैन ने कहा कि इस मामले के ट्रायल में आरोपितों की वजह से देरी हो रही है। एक आरोपित ने ट्रायल कोर्ट में याचिका दायर कहा कि 1700 पेजों की चार्जशीट में से उन्होंने 1600 पेजों का परीक्षण नहीं किया है। वो आरोपित आम आदमी पार्टी का प्रवक्ता है। ट्रायल कोर्ट ने एक आरोपित की ओर से घर के भोजन की मांग पर भी सुनवाई की। सुनवाई के दौरान दायन कृष्णन ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का जिक्र किया और कहा कि सीबीआई ने इस मामले में एक मुख्य चार्जशीट और दो पूरक चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने एक मुख्य चार्जशीट और छह पूरक चार्जशीट दाखिल की है। दोनों मामलों में अभी जांच जारी है। इस मामले में अभी गिरफ्तारी भी जारी है। सबसे ताजा गिरफ्तारी 3 मई को की गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 30 अप्रैल को सीबीआई और ईडी की ओर से दर्ज केस में सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसी आदेश को सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। दायन कृष्णन ने कहा कि एक आरोपित के खिलाफ तो अभी आरोप भी तय नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान इस पहलू पर गौर नहीं किया। अभियोजन पक्ष ने अभी तक ट्रायल पूरा करने की कोशिश नहीं की है। उन्होंने कहा कि ट्रायल कोर्ट में जल्द सुनवाई के लिए दो बार याचिका लगाई गई, ऐसे में ये कहना गलत होगा कि आरोपितों की ओर से ट्रायल में देरी की जा रही है।

# ठगी के आरोपित तीन नेपाली नागरिक अरेस्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के एक होटल में बैठ कर नेपाल के नागरिकों को ठगने के आरोप में तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार कर नेपाल पुलिस काठमांडू लाई है। इनकी गिरफ्तारी में दिल्ली पुलिस का भी भरपूर सहयोग रहा। इन पर दिल्ली के पहाड़गंज में स्थित होटल स्टे इन डिलक्स में पिछले एक वर्ष से रहकर वैदेशिक रोजगारी के नाम पर नेपाली जनता को ठगने का आरोप है। काठमांडू क्राइम ब्रांच के अनुरोध पर दिल्ली पुलिस ने इस होटल पर छापा मार कर इनको गिरफ्तार कर नेपाली पुलिस को सौंप दिया था। काठमांडू क्राइम ब्रांच के डीएसपी गोविन्द पंथी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों में जगत बहादुर तामांग, जंग बहादुर बराल और विष्णु बहादुर बराल हैं। दिल्ली से आरोपितों को लेकर काठमांडू पहुंचने वाले डीएसपी पन्थी ने बताया कि उनके दिल्ली पहुंचने से पहले ही दिल्ली पुलिस इन तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी थी। काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसएसपी सानु भट्टराई ने बताया कि नेपाल के कई लोगों ने यह शिकायत की थी कि अमेरिका भेजने के नाम पर इन आरोपितों ने उनसे करोड़ों रुपये ठगे थे।

**काबू**

**दिल्ली पुलिस ने इस होटल पर छापा मार कर इनको गिरफ्तार कर नेपाली पुलिस को सौंप दिया था**

# आयकर कार्यालय में आग, एक की मौत

**कोई हताहत नहीं**

**आग इतनी भयानक थी कि आसपास के कमरों के लोगों को घुटन महसूस होने लगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित आय कर कार्यालय में आज तीसरे पहर आग लग गई। आग लगने के बाद बिल्डिंग में फैले धुंए में दम घुटने से कार्यालय अधीक्षक की मौत हो गई। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बिल्डिंग में फंसे 7 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जिनमें पांच पुरुष और दो महिलाएं हैं। शुरूआती जांच में आग लगने की वजह एसी कम्प्रेशर का फटना बताया जा रहा है। आग लगने से पूरे फ्लोर पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आनन-फानन में अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। उसके बाद मौके पर आग बुझाने वाली दमकल की 21 गाड़ियां पहुंच गईं। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके। अग्निशमन विभाग के अनुसार आग इतनी भयानक थी कि आसपास के कमरों में लोगों को असह्य गर्मी और घुटन महसूस होने लगी। लोग इधर-उधर भागने लगे। बिल्डिंग में धुआं फैलने से कुछ लोग बिल्डिंग में फंस गए। दमकल कर्मियों ने उन्हें बिल्डिंग से बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 46 वर्षीय एक व्यक्ति बेहोश मिले थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी शिनाख्त ऑफिस सुपरिटेंडेंट के रूप में की गई।

# बीमार लड़की ने देहव्यापार से मना किया तो ले ली जान,

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बीमारी के** कारण देहव्यापार करने से मना करने पर लड़की की हत्या करने वाला फरार आरोपी 16 वर्षों के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। वैशाली विहार निवासी वीरेंदर सिंह (57) वर्ष 2007 में पश्चिमी बंगाल से लड़कियों को खरीदता और दिल्ली लाकर उनसे देह व्यापार करवा रहा था। बीमार होने के कारण एक लड़की (22) ने देहव्यापार के लिए जाने से मना कर दिया तो आरोपी ने उसकी हत्या कर शव लोहे के बक्से में रखकर फरार हो गया। उसने लड़की की हत्या करने के लिए ही कालकाजी में किराए पर घर लिया था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 16 वर्षों से फरार इस हत्या आरोपी वीरेंदर सिंह को दिल्ली के विजय विहार से गिरफ्तार किया है। अदालत ने आरोपी को भगोड़ा घोषित किया हुआ था। आरोपी को 2007 में जमा किए गए किरायेदार सत्यापन फॉर्म पर उसके द्वारा चिपकाए गए एक फोटो के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।



**काबू**

**किरायेदार सत्यापन फॉर्म पर उसके द्वारा चिपकाए गए एक फोटो के आधार पर गिरफ्तार किया गया है**

# दिल्ली नगर निगम की बैठक में भाजपा पार्षदों का हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम की मंगलवार को बैठक शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। डिस्प्ले बोर्ड लेकर पहुंचे भाजपा पार्षद वेल में आ गए और मेयर चुनाव की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। डिस्प्ले बोर्ड पर लिखा था, "दलित महापौर को कुर्सी पर बिठाओ, दलित विरोधी केजरीवाल इस्तीफा दो। इसके अलावा आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के आरोपित को लेकर भी भाजपा पार्षदों ने नारेबाजी की। इस दौरान मेयर शैली ओबेरॉय ने भाजपा पार्षदों को अपनी सीट पर बैठने की अपील की लेकिन भाजपा पार्षद नहीं माने। उसके बाद मेयर ने बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया और आचार संहिता होने की वजह से सभी प्रस्तावों को भी स्थगित कर दिया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली नगर निगम में तीसरे टर्म के मेयर का चुनाव नामांकन के बाद भी नहीं हुआ है। पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति को लेकर पेच फंसा हुआ है। दरअसल, उपराज्यपाल का कहना है कि पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री की तरफ से अनुमोदन जरूरी है लेकिन मुख्यमंत्री के जेल में होने की वजह से वह अनुमोदन नहीं कर पाए है। हालांकि अभी वह जेल से बाहर हैं लेकिन मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने की उन्हें इजाजत नहीं है। उन्हें चुनाव प्रचार के लिए एक जून तक के लिए जेल से रिहा किया है, इस दौरान वह मुख्यमंत्री के तौर पर कोई काम नहीं कर सकते हैं।

नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालिवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास में दुर्व्यवहार को लेकर निंदा प्रस्ताव लाने वाले थे लेकिन इसका पता जैसे ही मेयर शैली ऑबराय को चला, उन्होंने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास में स्वाति मालीवाल के साथ जो हुआ, वह निंदनीय है, ये गलत व्यवहार सिर्फ स्वाति मालीवाल के साथ नहीं हुआ बल्कि दिल्ली की महिलाओं के साथ हो रहा है। इस व्यवहार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी दिल्ली नगर निगम में निंदा प्रस्ताव लेकर आई थी।



**बवाल काटा**

**डिस्प्ले बोर्ड लेकर पहुंचे भाजपा पार्षद वेल में आ गए और मेयर चुनाव की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे**

# के. कविता की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के राऊज** एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मनी लॉड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है। आज के. कविता की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, इसलिए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने के. कविता को 7 मई को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 6 मई को कोर्ट ने के कविता को कोर्ट में सशरीर कोर्ट में पेश करने की अनुमति दी थी।

6 मई को कोर्ट ने के. कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। के. कविता को सीबीआई ने भी 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थीं।

# चुनाव में राजनेताओं की हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई की मांग खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान राजनेताओं खासकर भाजपा नेताओं की ओर से की जा रही हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि ये ऐसा मामला नहीं है जिसके लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट आया जाए। आप निर्वाचन आयोग के पास अपनी शिकायत लेकर जा सकते हैं। याचिका पूर्व आईएएस अधिकारी ईएएस सरमा और आईआईएम के पूर्व डीन त्रिलोचन शास्त्री ने दायर की थी। याचिका में 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान राजनेताओं खासकर भाजपा नेताओं की ओर से की जा रही हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई थी। याचिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई थी। याचिका में प्रधानमंत्री की ओर से 21 अप्रैल 2024 को दिए गए भाषण और अनुराग ठाकुर की ओर से 27 अप्रैल को दिए गए भाषण का जिक्र किया गया था। इन भाषणों को कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भाजपा के वर्तमान सांसद अरविंद धर्मपुरी द्वारा पोस्ट किया गया था। याचिका में कहा गया था कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले इन भाषणों पर से निर्वाचन आयोग ने आंखे मूंद ली है। निर्वाचन आयोग इन भाषणों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने में विफल रहा है। याचिका में कहा गया था कि निर्वाचन आयोग पूर्व में दूसरे राजनीतिक दलों जैसे आम आदमी पार्टी और बीआरएस के नेताओं के भाषणों पर कार्रवाई कर चुका है।



**मांग**

**जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि ये ऐसा मामला नहीं है जिसके लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट आया जाए**

# अस्पतालों को फिर बम से उड़ाने की मिली धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्ली: दिल्ली में तीसरी बार फिर से अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। दिल्ली के दीप चंद बंधु अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल तथा कई और अस्पतालों में बम की धमकी वाला ईमेल मिला है। मामले की सूचना मिलने पर सभी जगह दमकल विभाग व दिल्ली पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। समाचार लिखे जाने सर्च ऑपरेशन जारी है। दिल्ली दमकल विभाग के मुताबिक उन्हें मंगलवार सुबह कई अलग-अलग अस्पतालों से कॉल्स मिली हैं। इनमें जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल और दीप चन्द बंधु में बम होने की कॉल की गई हैं। दमकल विभाग के मुताबिक सभी कॉल्स को वेरीफाई किया जा रहा है। बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ-साथ फायर विभाग बम स्क्वॉड दस्ता भेजा गया और इन अस्पतालों के चप्पे चप्पे की जांच की जा रही है ताकि कोई चूक ना रह जाए। इससे पहले रविवार को भी दिल्ली के कई अस्पतालों में बम रखे होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई थी। उस समय जांच के दौरान यह फेक सूचना पाई गई लेकिन पुलिस ऐसी किसी भी सूचना को हल्के में नहीं ले रही है और पूरी सख्ती और गंभीरता से जांच की जा रही है। इससे पहले इसी महीने की एक तारीख को दिल्ली एनसीआर के 100 से अधिक स्कूलों में इसी तरह से ईमेल के माध्यम से बम रखे होने की जानकारी स्कूलों को दी गई थी।



**जांच जारी**

**अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल तथा कई और अस्पतालों में बम की धमकी वाला ईमेल मिला है**

## जैकी श्रॉफ को अंतरिम राहत देने की मांग पर आज सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेता जैकी श्रॉफ के नाम, आवाज और तस्वीरों के साथ उनकी व्यक्तिगत चीजों के अनधिकृत रूप से इस्तेमाल करने पर रोक लगाने की मांग पर पेपी स्टोर और दूसरे पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव नरुला की बेंच ने जैकी श्रॉफ को अंतरिम राहत देने की मांग पर 15 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। याचिका में जैकी श्रॉफ, जैकी, जग्गू दादा, भिडू आदि उनके उपनाम और तस्वीरों, आवाज के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व के अन्य पहलुओं के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की गई है।



# बाबा सुखा सिंह कार सेवा करनाल का किया गया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सिख योद्धा व** 18वीं सदी में अपनी सूरवीरता से इतिहास के सुनहरी पन्नों पर नाम लिखवाने वाले महान जरनैल जत्थेदार बाबा जस्सा सिंह रामगढि?ा की 300वी जन्म शताब्दी के समापन समारोह में उल्लेखनीय सहयोग व मार्गदर्शन के लिए आज बाबा सुखा सिंह कार सेवा करनाल का सम्मान किया गया। बाबा जस्सा सिंह रामगढि?ा जन्म शताब्दी कमेटी, इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बाबा सुखा सिंह जी को शाल, सिरोपा व मेमेंटो भेंट कर उनका धन्यवाद किया गया। इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि जहां विगत वर्ष शताब्दी की शुरूआत के समय क्षेत्र के सभी संत महापुरुषों ने अपना सहयोग दिया था वहीं इस बार समापन समारोह बाबा जगतार सिंह कार सेवा गुरुद्वारा चिल्ला साहेब के मार्गदर्शन व सहयोग से सिरसा में आयोजित किया गया। करनाल से बाबा सुखा सिंह डेरा कार सेवा ने समापन समारोह की संपूर्ण सफलता में महत्वपूर्ण सहयोग दिया व खालसा फतह मार्च के लिए सतगुरु गुरु ग्रंथ साहिब जी के लिए सुंदर पालकी बस, पाँच प्यारों, पाँच निशांचियों व नगाड़े के लिए गाडि?ों का प्रबंध डेरा कार सेवा की ओर से किया व साथ ही इन आयोजनों को अच्छे व व्यवस्थित ढंग से करने के लिए अपना मार्गदर्शन भी दिया, जिसके लिये आज आयोजकों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा ने बताया कि बाबा जस्सा सिंह रामगढ?ा के जीवन पर आधारित लाइट साउंड ड्रामा कौम दा योद्धा की पूरी तैयारी व रिहर्सल बाबा सुखा सिंह की मदद से डेरा कार सेवा में लगभग चार माह तक होती रही। उन्होंने कहा कि बाबा सूखा सिंह सदैव सिख कौम के धार्मिक आयोजनों के लिए सभी को भरपूर सहयोग देते हैं।



बाबा सुखा सिंह को धन्यवाद देने के बाद सम्मानित करने वालों में आयोजक मंडल से गुरतेज सिंह खालसा, प्रीतपाल सिंह पन्नु, परमजीत सिंह बेदी, जसबीर सिंह गुलाटी, जतीन्द्र सिंह डिम्पल, सतिंदर सिंह चा, सुरजीत सिंह, मनिंदर सिंह बब्बू, बिल्ला व अन्य शामिल रहे।

# अक्षज इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट रहा सर्वश्रेष्ठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सी.बी.एस.ई. द्वारा** जारी दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अक्षज इंटरनेशनल स्कूल बापौली के विद्यार्थी छाए। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों में वंश ने 96 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान और रश्मि 93 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इनके अतिरिक्त आयुष रावल 92 प्रतिशत , रितिका कंसल 90 प्रतिशत , खुशी रावल 88 प्रतिशत , प्रिंस 88 प्रतिशत , विनय कुमार 87 प्रतिशत , ऐना रावल 8 5 प्रतिशत , आशिष 85 प्रतिशत , भावना शर्मा 84 प्रतिशत , लक्की त्यागी 83 प्रतिशत , संचिका 82 प्रतिशत व बारहवीं कक्षा में आस्था ( नॉन-मेडिकल) ने 95 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान व सृष्टि ने 92 प्रतिशत अंको के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त रोहित हंस (मेडिकल) 86 प्रतिशत, विवेक 84 प्रतिशत, आरती रावल ने 84 प्रतिशत , प्रियांशी ने 80 प्रतिशत , सिलोनी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य उपासना त्यागी और प्रबंधक कमेटी ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी के सदस्य सतीश त्यागी, संजय रावल, सुरेंदर अरोडा, अमित कुमार, दिनेश कुमार व अध्यापकगण अनिल दुआ, मोनिका सैनी, गीतांजली, प्रवीन कुमारी, वसीम, रितिक वर्मा, ललित कुमार व अन्य उपस्थित रहे।



## न्यूज फ्लैश

### शाश्वत चेतना वरिष्ठ मा. विद्यालय का दसवीं व बाहरवीं का परिणाम शत- प्रतिशत




**गन्नौर।** शाश्वत चेतना वरिष्ठ मा. विद्यालय गढ़ी केसरी का 12 वीं 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। दसवीं कक्षा में 14 व बाहरवीं कक्षा में 28 छात्रों ने मैरिट प्राप्त की। बाहरवीं कक्षा में साक्षी ने 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम, आयुष ने 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व विषांक ने 88 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा दसवीं में गरिमा ने 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, वंशिका ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, भूमि व सिमरन 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रबंधक दर्शन शर्मा ने सभी बच्चों, अभिभावको ने शिक्षकों को बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। शर्मा ने बताया कि इसके अलावा कई छात्रों ने अपने विषय के हिसाब से बेहतर अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है।

### योग्यता के आधार पर नौकरी दिलवाने पर खरी उतरी हरियाणा सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सरकार** योग्यता के आधार पर नौकरी दिलवाने पर खरी उतरी है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का बिना खर्ची बिना पर्ची का नारा जमीनी स्तर पर हकीकत बयान कर रहा है। चयनित युवा व उनके परिजन खुद सामने आकर बोल रहे हैं कि भाजपा सरकार ने जो वादा किया है वो पूरा करके दिखाया है। बिना सिफारिश के, ईमानदारी से नौकरी लगने पर पढ़ाई में मेहनत करने वाले युवाओं में एक नई उम्मीद जगी है।

प्रदेश की हर वो मां आज खुश है, जिनके बच्चे मेरिट के बल पर पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। इसी विषय को लेकर जब करनाल के गोली गांव के कुछ परिवारों में सरकारी नौकरी लगने वाले युवाओं के परिजनों से बात की तो उन्होंने जमकर मनोहर लाल और हरियाणा सरकार की तारीफ की।

**दिहाड़ी मजदूरी करके चलाती थी घर, बेटे की नौकरी लगी तो आई खुशहाली : सुनीता**

करनाल के गांव गोली की रहने वाली सुनीता ने बताया कि उसका बेटा अनिल अढ़ाई वर्ष का था, जब उसके पिता जी का स्वर्गवास हो गया। उसके बाद उसके लडके ने पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देते हुए खूब मेहनत की। उसका मेहनता का फल उसे तब मिला जब प्रदेश की भाजपा सरकार में उसे बिना एक भी रुपए दिए सरकारी नौकरी मिल गई। अनिल रोहिला को बिजली विभाग में जेएसओ की सरकारी नौकरी लगी है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल का धन्यवाद करते हैं, जिनकी वजह से उनके परिवार में खुशहाली आई और उनके बच्चे को सरकारी नौकरी मिली है।

**योग्यता के आधार पर बिजली विभाग में तैनात हुआ अमित**

गोली गांव में रहने वाली कांता ने बताया कि उनके पास खर्ची तो दूर की बात सिफारिश तक नहीं थी। ऐसे बच्चों को सरकारी नौकरी मिलना गांव के लिए गर्व की बात है। जिसको लेकर गांव स्तर तक लोग खुश है। कांता ने कहा कि ये सब भाजपा सरकार में ही संभव हो पाया है कि उनका बेटा अमित शर्मा बिजली विभाग में आज एएलएम पद पर तैनात है। मेहनत करने वाले युवकों को नौकरी बिना पर्ची, बिना खर्ची के नौकरी मिल रही है।

**दो बेटों की लगी बिना खर्ची बिना पर्ची के सरकारी नौकरी**

गांव गोली निवासी सतनारायण ने कहा कि उसके दोनों प्रवीन व विवेक बच्चों की बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरी लगी है, जिसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हैं। उनका कहना है कि उनके बच्चों को उनकी मेहनत का जो फल मिला ह, वे मनोहर लाल की नीतियों की बदौलत मिला है। बिना खर्ची-पर्ची का नियम न चलता तो उनके बच्चे कभी चयनित नहीं होते थे। उनका कहना है कि मनोहर लाल ने जो कहा है, वह करके भी दिखाया है।

**बेटे को सरकारी नौकरी मिली तो बदली जिंदगी**

गांव गोली निवासी संदीप के पिता ने बताया कि उनका बेटा संदीप की सरकारी नौकरी लगने के बाद उनके जीवन में बहुत बदलाव आया है। मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में अच्छे काम हुए हैं। आज उनके बेटे को भी उसकी मेहतन का फल मिला है। आज अगर भाजपा की सरकार न होती तो उसके बेटे को कभी सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। आज बिना पैसे दिए गरीब के बच्चों को सरकारी नौकरी मिल रही है।

# बाबा हरदेव सिंह को समर्पित रहा समर्पण दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**जब हम हर पल** में इस निरंकार प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से अपना जीवन जीते चले जाते हैं तब वास्तविक रूप में मानवता के कल्याणार्थ हमारा जीवन समर्पित हो जाता है। ऐसा ही प्रेमा-भक्ति से युक्त जीवन बाबा हरदेव सिंह जी ने हमें स्वयं जीकर दिखाया यह आशीष वचन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा समर्पण दिवस के पावन अवसर पर व्यक्त किये गये। युगद्दष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में समर्पण दिवस समागम का आयोजन 13 मई को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में हुआ जिसमें दिल्ली, एन. सी. आर. सहित पड़ोस के राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सम्मिलित होकर उनके परोपकारों को न केवल स्मरण किया अपितु हृदयपूर्वक श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके अतिरिक्त यह दिवस विश्वभर में भी आयोजित किया गया जहां सभी भक्तों ने बाबा जी की सिखलाईयों का स्मरण करते हुए उनके विशाल जीवन को नमन किया। मानवता के मसीहा बाबा हरदेव सिंह जी की सिखलाईयों का जिक्र करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि बाबा जी ने स्वयं प्यार की सजीव मूरत बनकर निस्वार्थ भाव से हमें जीवन जीने की कला सिखाई। माता जी ने आगे कहा कि जब परमात्मा से हमें सच्चा प्रेम हो जाता है तब इस मायावी संसार के लाभ और हानि हम पर प्रभाव नहीं डाल पाते क्योंकि तब ईश्वर का प्रेम और रजा ही सर्वोपरि बन जाते हैं। इसके विपरीत जब हम स्वयं को परमात्मा से न जोड़कर केवल इन भौतिक वस्तुओं से जोड़ लेते हैं तब क्षणभंगुर सुख-सुविधाओ के प्रति ही हमारा ध्यान केन्द्रित रहता है। जिस कारण हम इसके मोह में फंसकर वास्तविक आनंद की अनुभूति से प्रायः वंचित रह जाते है। वास्तविकता तो यही है कि सच्चा आनंद केवल इस प्रभु परमात्मा से जुड़कर उसकी निरंतर स्तुति करने में है जो संतों के जीवन से निरंतर प्रेरणा लेकर प्राप्त किया जा सकता है। यही भक्त के जीवन का मूल सार भी है। परिवार, समाज एवं संसार में स्वयं प्यार बनकर प्रेम रूपी पुलों का निर्माण करें क्योंकि समर्पण एवं प्रेम यह दो अनमोल शब्द ही संपूर्ण प्रेमा भक्ति का आधार है।



# पाइट में नेशनल टेक्नॉलोजी सप्ताह मनाया, विजेता सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**हरियाणा स्टेट काउंसिल** फॉर साइंस एंड टेक्नॉलोजी, विज्ञान एवं तकनीक निदेशालय के साथ मिलकर पाइट कॉलेज में नेशनल टेक्नॉलोजी सप्ताह मनाया गया। पायथन, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग व अन्य एमर्जिंक टेक?नॉलोजी विषयों पर सात अलग-अलग वर्कशाप का आयोजन किया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को बदलती टेक्नॉलोजी को समझने का अवसर मिला। अपनी स्किल को बेहतर कर सके। जिन छात्र-छात्राओं ने रचनात्कता के साथ नए प्रयोग किए, उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस वर्कशाप का उद्देश्य इनोवेशन और स्किल डेवलपमेंट था, ताकि भविष्य के लिए बच्चों को तैयार किया जा सके। प्रो.एससी गुप्ता, प्रो.देवेंद्र प्रसाद, नेशनल टेक्नॉलोजी इवेंट की अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी ने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।



# पीओ घोषित आरोपी को थाना सनौली पुलिस ने गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना सनौली** पुलिस ने माननीय न्यायायल से पीओ घोषित एक आरोपी को सनौली बस अड्डा से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अजमेर निवासी सनौली के रूप में हुई। थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी अजमेर के खिलाफ वर्ष 2016 में थाना सनौली में लड़ाई झगड़े का एक अभियोग दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी अजमेर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था। आरोपी अजमेर कुछ महीने बाद जेल से बेल पर बाहर आ गया था। बेल पर बाहर आने के बाद आरोपी माननीय न्यायालय में निर्धारित तारिख पर पेश नही हुआ। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को मार्च 2024 में पीओ घोषित कर दिया गया। थाना सनौली में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 174ए के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।




# आर्य स्कूल के छात्रों का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा** बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । इसमें आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्धक समिति के प्रबन्धक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान, सुमित्रा अहलावत, प्राचार्य मनीष घनगस ने विद्यालय के मैरिट प्राप्त करने वाले छात्रों को शुभकामनाएं तथा बधाई दी। प्रबन्धक रामपाल जागलान ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के कक्षा बारहवीं में 16 छात्रों व कक्षा दसवीं के 15 छात्रों ने मैरिट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। मनुष्य के जीवन में जितना महत्त्व भोजनए कपड़े हवा और पानी का है उससे कहीं अधिक महत्त्व शिक्षा का है इसीलिए हमेशा ये ही कहा जाता है कि शिक्षा का मानव जीवन में बहुत महत्त्व है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है। इंसान की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है। शिक्षा मानव जीवन की एक महत्त्वपूर्ण इकाई है। शिक्षा न हो तो मनुष्य के जीवन की कल्पना भी मुश्किल है।

शिक्षा ही हमें आगे कुछ करने के लिए आवश्यक होती है।शिक्षा के उपयोग तो अनेक हैं परंतु उसे नई दिशा देने की आवश्यकता है। शिक्षा इस प्रकार की होनी चाहिए कि एक व्यक्ति अपने परिवेश से परिचित हो सके। शिक्षा हम सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक बहुत ही आवश्यक साधन है। हम अपने जीवन में शिक्षा के इस साधन का उपयोग करके कुछ भी अच्छा प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा का उच्च स्तर लोगों की सामाजिक और पारिवारिक सम्मान तथा एक अलग पहचान बनाने में मदद करता है। इन्हीं सब कारणों की वजह से शिक्षा हमारे जीवन में इतना महत्व रखती है। कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान ने कहा कि मानव जीवन में संस्कारों का अत्यधिक महत्त्व है । संस्कारों का सर्वाधिक महत्त्व मानवीय चित्त की शुद्धि के लिए है।




# 19 को पानीपत में मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आगामी 19 मई** को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पानीपत अनाज मंडी में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान जिलें भर से हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग भग लेगें। उक्त जानकारी ब्राहमण महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम जलमाना,छाजपुर,झांबा,रिसपुर,स नौली खुर्द,सनौली कलां,कुराड आदि गांवों का दौरा कर निमंत्रण देते हुए कही। इस दौरान पत्रकार वार्ता को भी सम्बोधित किया। ब्राहमण महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन दयानंद सरस्वती के सानिध्य में किया जाएगा और कार्यक्रम की अध्यक्षता समस्त ब्राह्मण समाज के जिला प्रधान सतीश शर्मा डाहर करेगें। गौतम ने कहा कि ब्राहमण महासंघ की और से जिलें भर से हजारों ब्राह्मण भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेगें। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में भारी तादाद में समाज के लोगों एकत्रित होने पर राजनीतिक मायने भी लगाए जाएगें। रोहित गौतम ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर समाज के युवाओं में जोश है। रोहित गौतम ने कहा कि लोकतंत्र में सिर गिनाने का महत्व है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के सभी घटकों को एक मंच पर आकर ताकत दिखानी होगी। हमें भगवान परशुराम की तरह अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

समाज में कुरीतियों को बंद कर ब्राह्मण अपने ज्ञान से लोगों को लाभान्वित करें। गौतम ने कहा कि सामाजिक समरसता से ही विकास संभव है।

इस मौके पर बलवान शर्मा राजाखेडी,उपप्रधान अनील शर्मा,विनोद शास्त्री,मा.अजय शर्मा,रमेश शर्मा,आनंद कौशिक,अधिवक्ता सुनील शर्मा,अशोक शर्मा छदिया,पवन शर्मा आदि अनेक मौजूद थें।



# रा0 व0 मा0 विद्यालय आटा ने परीक्षा परिणाम में मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिआ**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**खण्ड समालखा में** रा0 व0 मा0 विद्यालय आटा ने मारी बाजी हरियाणा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी 10वी परीक्षा परिणाम में खण्ड समालखा में रा0 व0 मा0 विद्यालय आटा ने प्रथम स्थान हासिल किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी समालखा नीलम कुंडू द्वारा प्रेस वार्ता में बताया गया कि खण्ड समालखा में 31 स्कूलों में 10वी कक्षा पढ़ाई जाती है जिनमे 20 स्कूलों का 100% परीक्षा परिणाम रहा और 11 स्कूलों का 95% से अधिक रहा । रा0 व0 मा0 विद्यालय आटा के छात्र मोहित द्वारा 488/500 अंक हासिल कर खण्ड समालखा में प्रथम स्थान, रा0 हाई स्कूल देहरा की छात्रा 484/500 द्वितीय और रा0 क0 व0 मा0 विद्यालय नारायणा की छात्रा तनीषा 483/500 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी समालखा नीलम कुंडू द्वारा बताया गया कि सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है यह सब विद्यार्थियों और खण्ड समालखा के सभी स्टाफ सदस्यों की मेहनत का नतीजा है।



# 7 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने मतदाताओं को दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** एक-एक मतदाता को बूथ तक पहुंचने के प्रति जागरूक करने की कमान अब युवा पीढ़ी ने भी सम्भाल ली है। इस युवा पीढ़ी के माध्यम से करनाल के लाखों मतदाताओं को 25 मई के दिन वोट डालने की अपील की जा रही है। अहम पहलू है कि करनाल के राजकीय स्कूलों के 7 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर, भाषण देकर, रंगोली बनाकर, नुक्कड़ नाटक का आयोजन करके, मेंहदी लगाकर और स्लोगन लिखकर करनाल के मतदाताओं को एक संदेश देने का अनोखा प्रयास किया है। यह प्रयास जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह द्वारा शुरू किये गए हैं। करनाल के राजकीय स्कूलों से युवा पीढ़ी को स्वीप गतिविधियों के साथ जोड? का एक विशेष कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के आदेशानुसार डीईओ सुदेश ठुकराल ने तैयार किया है। मंगलवार को सेक्टर 13 जीजीएचएस स्कूल में अंडर ट्रेनिंग आईएएस योगेश शर्मा ने स्कूलों की स्वीप गतिविधियों का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। इसके बाद अंडर ट्रेनिंग आईएएस योगेश शर्मा ने अलग-अलग स्कूलों का निरीक्षण करके युवाओं को स्वीप की अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में करनाल के सभी 178 सीनियर व हाई राजकीय स्कूलों व लगभग 500 प्राइमरी स्कूलों में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राईटिंग, स्किट, रंगोली, मेंहदी, भाषण और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों के पहले दिन असंध, इंद्री, घरौंडा, करनाल, निसिंग, नीलोखेड़ी सहित 6 ब्लॉकों में एक साथ करीब 7 हजार विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित स्वीप गतिविधियों में भाग लिया। इन स्वीप गतिविधियों को जारी रखने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक अनुसार 10 दिन का शेड्यूल जारी किया है। इस शेड्यूल के अनुसार अधिकारियों व शिक्षकों की ड्यूटियां लगाई गई है। इन गतिविधियों को अमली जामा पहनाने के लिए शिक्षा विभाग के जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन विद्यार्थियों ने करनाल के नागरिकों से अपील की है कि 25 मई के दिन अपने बूथ पर जाकर अपनी वोट का प्रयोग अवश्य करें। इन चुनावों में एक-एक वोट की अहमियत रहेगी। इतना ही नहीं लोकतंत्र की मजबूती और देश की तरक्की के लिए प्रत्येक मतदाता को वोट डालना जरूरी है।



# एईएसएल की 10वीं कक्षा की छात्रा दिव्यांशी सीबीएसई परीक्षा में शीर्ष स्कोरर बनीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** परीक्षण तैयारी सेवाओं के देश के शीर्ष प्रदाता, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), को दसवीं कक्षा में कुरुक्षेत्र की छात्रा दिव्यांशी जिसने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया की उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, .

दिव्यांशी ने गणित, विज्ञान और संस्कृत में पूरे 100 अंक, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान दोनों में 99 अंक और हिंदी में अतिरिक्त 96 अंक हासिल करके एक सराहनीय उपलब्धि हासिल की है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, दिव्यांशी ने अपने शिक्षकों से प्राप्त अमूल्य मार्गदर्शन और मार्गदर्शन को स्वीकार किया। उन्होंने व्यापक अध्ययन सामग्री और कठोर कोचिंग प्रदान करने के लिए संस्थान को श्रेय दिया, जिससे उन्हें थोड़े समय के भीतर जटिल अवधारणाओं को कुशलतापूर्वक समझने में मदद मिली।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर श्री परमेश्वर झा ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी और कहा, "हमें अपने छात्रों की उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। उनकी उल्लेखनीय सफलता हमारे संस्थान के समर्पण का प्रमाण है।"



# संगम पार्क में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड नंबर-67 में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से सांसद उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल के समर्थन मे नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरूक अभियान चलाया गया।

**नुक्कड़ नाटक द्वारा लोगों को किया गया जागरूक:** नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन अजय सिंह सिकरवार, सुनील सिंह मनराल, संतोष दूबे के नेतृत्व में संगम पार्क वार्ड स्थित लाल बाग चार नंबर चौकी और कौशल पूरी में किया गया। इस दौरान जयप्रकाश द्वारा भेजी गई नुक्कड़ नाटक की टीम के साथ-साथ प्रियंका प्रजापति, करन सिंह वोरा, संयम, राजू सहित क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जय प्रकाश अग्रवाल के समर्थन में 25 मई को वोट डालने की अपील की गई।

**भाजपा ने देश की मासूम जनता को रखा अंधेरे में:** इस मौके पर कांग्रेसी नेता सुनील सिंह मनराल ने कहा कि चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल जमीन से जूडे हुए व्यक्ति है जो की गरीबों का दूख दर्द भली भांति समझते है व गरीबों के साथ तो हमेशा से ही रहे है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देशवासियों को बेवकूफ बनाकर हमेशा ही उनको छला है और उनके अधिकारों से वंचित रखा है।

इस दौरान कांग्रेसी नेता अजय सिंह सिकरवार ने कहा कि भाजपा के सांसद अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य करने और जनता की सेवा करने में नाकाम रहे जिसके कारण क्षेत्र की जनता भाजपा सांसदों की कार्यशैली से खुश नहीं है और लोगों का विश्वास इन सांसदों पर से उठ गया है। पार्टी की नजर में इन सांसदों से क्षेत्र की जनता का भरोसा उठ गया था जिसके चलते भाजपा को अपने वर्तमान सांसदों की जगह नहीं चेहरे चुनाव मैदान में उतारने पड़े।

# सेवा बस्ती अभियान के तहत चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतगर्त आने वाली विभिन्न सेवा बस्ती में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में संपर्क अभियान चलाया गया। संपर्क अभियान कार्यक्रम का आयोजन सेवा बस्ती अभियान के सह संयोजक दिल्ली प्रदेश, व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर के नेतृत्व में चलाया गया।




**संपर्क अभियान में कई पदाधिकारी हुए शामिल:** इस दौरान पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर के साथ-साथ पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी, झुग्गी झोपड़ी संपर्क अभियान दिल्ली प्रदेश संयोजक विजय भगत, सह संयोजक सुशील चौहान, प्रवीण खंडेलवाल की भतीजी व दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा पूनम गुप्ता, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, चांदनी चौक लोकसभा के झुग्गी झोपड़ी सम्पर्क अभियान के लोकसभा सह संयोजक सुभाष झा, निगम पार्षद सुशील जोंटी, चांदनी चौक लोकसभा के दोनों जिला के जिला संयोजक, दसों विधानसभा संयोजक, प्रत्येक सेवा बस्ती के पांच प्रमुख कार्यकर्ता सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व पार्षद सुजीत ठाकूर ने बताया की इस बीच झुग्गी झोपड़ी संपर्क अभियान के तहत सेवा बस्ती के सभी भाइयों-बहनों को संबोधित किया गया व लोगों से अपील की गई की आने वाली 25 मई को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से विजय दिलवाएं।

# जगजीत कौर नमित की अंतिम अरदास व श्रद्धांजलि सभा हुई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका की सास सरदारनी जगजीत कौर नमित अंतिम अरदास व श्रद्धांजलि समारोह गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर स्थित भाई लक्खी शाह वणजारा हॉल में संपूर्ण गुरुमर्यादानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रागी सिंहों के जत्थों ने गुरु की इलाही बाणी का वैरागमई कीर्तन किया। उसके बाद अंतिम अरदास की गई। कार्यक्रम में सरदार हरमीत सिंह कालका ने समूची संगत का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हाजरी भरी। अरदास के पश्चात संगत में गुरु का लंगर पंक्तियों में बैठकर छका ।



वर्णनीय है कि भाई लक्खी शाह वंजारा हॉल में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अक्सर टेबल पर लंगर लगाया जाता है, लेकिन अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने गुरु साहिबान के निदेर्शानुसार पंगत में सजा कर संगत को लंगर छकाया।

# छात्रों की ट्यूशन फीस वापस करने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अल्पसंख्यक छात्रों के लिए ट्यूशन फीस वापसी योजना के तहत छात्रों की ट्यूशन फीस तुरंत वापस करने की अपील की है। कमेटी के अल्पसंख्यक विभागाध्यक्ष जसविंदर सिंह जॉली ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली कमेटी छात्रों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले अल्पसंख्यक छात्रों की बेहतरी के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्यूशन फीस वापसी योजना आर्थिक रूप से



कमजोर बच्चों और उनके परिवारों के लिए बहुत फायदेमंद है। लेकिन वर्ष 2023-24 के लिए छात्रों की ट्यूशन फीस वापस करने की प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई है, जिसके कारण छात्र परेशानी में हैं, इन कमजोर वर्ग परिवारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरदार जॉली ने कहा कि ट्यूशन फीस वापसी योजना के तहत आमतौर पर फीस रिफंड 1 दिसंबर से शुरू होता है लेकिन जब से अल्पसंख्यक विभाग राजस्व विभाग के अंतर्गत आया है, ट्यूशन फीस रिफंड में लगातार देरी हो रही है, राजस्व विभाग के कामकाज में पारदर्शिता की भारी कमी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि ट्यूशन फीस वापसी योजना तुरंत शुरू की जाए और राजस्व विभाग के कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए साथ ही राजस्व विभाग में माता-पिता और अभिभावकों को ट्यूशन फीस वापसी की वितरण प्रणाली संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा आरटीआई की जानकारी सही तरीके से नहीं दी जा रही है और यह जानकारी नहीं देने वाले अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्यूशन फीस वापसी योजना की मंशा बहुत अच्छी है लेकिन इसके कार्यान्वयन में देरी के कारण लाभार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और इन त्रुटियों को दूर करना बहुत जरूरी है ताकि लाभार्थियों को सही तरीके से योजना का लाभ दिया जा सके।

# आप को दफ्तर के लिए भूमि अलॉट करने की मांग पर केंद्र को नोटिस

**जवाब तलब**

**आम आदमी पार्टी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने उसके दफ्तर को 15 जून तक खाली करने का आदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने** आम आदमी पार्टी को दफ्तर के लिए भूमि अलॉट करने की मांग पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने केंद्र सरकार को 15 मई तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया कि वो एक राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक राष्ट्रीय पार्टियां दिल्ली में कार्यालय के लिए जमीन पाने की हकदार हैं। सभी मान्यता प्राप्त दलों को अपना दफ्तर चलाने के लिए दिल्ली में जमीन मिली हुई है। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने उसके राऊज एवेन्यू दफ्तर को 15 जून तक खाली करने का आदेश दिया है। ऐसे में उसे अपने दफ्तर के लिए एक वैकल्पिक भूमि को आवंटित करने का आदेश जारी किया जाए। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि उसे दफ्तर के लिए दिल्ली में एक हजार वर्ग मीटर भूमि पाने का हक है। पार्टी को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दल का दर्जा मिलने के छह महीने के बाद ही भूमि आवंटित करने के लिए आवेदन दिया गया था लेकिन केंद्र सरकार ने उसके आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि कोई भी खाली जगह नहीं है।

## दो माह के चुनावी दौर पर चुनाव आयोग ने संतोष जाहिर किया

**नई दिल्ली। पिछले दो** माह के चुनावी अभियान पर मंगलवार को जारी बयान में भारत के निर्वाचन आयोग ने संतोष जाहिर किया है। आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान साझा करते हुए लिखा है कि आयोग इस बात से संतुष्ट है कि पिछले दो महीनों में कुल मिलाकर चुनाव अभियान हिंसा-मुक्त, कम शोर-शराबा, कम अव्यवस्थित और न्यूनतम दखल देने वाला, प्रलोभन और आडंबर से मुक्त रहा है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने दोहराया है कि चुनाव में प्रचार के दौरान राष्ट्रीय दलों के स्टार प्रचारकों को अगले चरणों में उदाहरण पेश करना चाहिए ।

# स्वाति मालीवाल से हुई मारपीट घटना की सच्चाई बताये आपः कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्लीवासी स्तब्ध हैं कि आम आदमी पार्टी के नेता जैसे गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज को भाजपा पर आरोप लगाते देख कर स्तब्ध हैं, जबकि आम आदमी पार्टी का संपूर्ण शीर्ष नेतृत्व या तो किसी जेल में है या विभिन्न घोटालों में जमानत पर है।

दिल्ली के लोग सौरभ भारद्वाज से जानना चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल ने कैसे कहा है कि जेल में बंद शराब घोटाला अभियुक्त विजय नय्यर उनको रिपोर्ट करता था ऐसे में भारद्वाज बतायें कि शराब घोटाले में उनकी वास्तविक भूमिका क्या है।



दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि अन्य पार्टियों से प्रश्न पूछने से पहले आम आदमी पार्टी नेताओं को साफ साफ बात करने के लिए आगे आना चाहिए कि मुख्यमंत्री आवास में उनके पी.ए. विभव कुमार द्वारा स्वाति मालिवाल की मारपीट की सच्चाई क्या है।

# चुनाव प्रचार में जोपी अग्रवाल को मिला सभी वर्गों का समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** लोकसभा (लोस) क्षेत्र से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता जयप्रकाश अग्रवाल को चुनाव प्रचार के दौरान सभी वर्ग के लोगों का व्यापक जन समर्थन और जीत का आश्वासन मिल रहा है।

**चांदनी चौक लोस क्षेत्र में जेपी की हवा:** चांदनी चौक में अग्रवाल के समर्थन में चल रही लहर से उनके विरोधी परेशान है अग्रवाल कहा कि कल के भविष्य का निर्माण आज से ही करना होगा। देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी को एकजुट हो लड़ाई लड़नी होगी। अग्रवाल ने कहा कि आज दिल्ली में अनेक




समस्याएं हैं जिनका शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आगे चलकर बड़ी मुश्किल हो जाएगी। वहीं दूसरी ओर जयप्रकाश अग्रवाल ने आम आदमी पार्टी के विधायक प्रहलाद सिंह साहनी से उनके आवास पर मुलाकात की और चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री आसिम खान, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, निगम पार्षद पुर्नदीप सिंह साहनी, विकास टांक, पूर्व पार्षद हर्ष शर्मा चिंटू ,नगर निगम में पूर्व नेता सदन जितेंद्र कुमार कोचर आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नगर निगम में पूर्व नेता सदन जितेंद्र कुमार कोचर ने कहा कि चांदनी चौक लोकसभा सीट से जयप्रकाश अग्रवाल भारी बहुमत से जीतने जा रहे हैं जिस तरह आज इंडिया गठबंधन के प्रति लोगों का विश्वास और उत्साह देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि अग्रवाल दिल्ली में भारी बहुमत से जीतने का इतिहास रचने जा रहे है।

**लोगों ने अग्रवाल को जिताने का लिया संकल्प:** अग्रवाल के समर्थन में शाम को मॉडल टाउन स्थित मुख्य चुनाव कार्यालय में एक मीटिंग हुई जिसमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सैकड़ों प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने एक स्वर से अग्रवाल को चुनाव में जिताने का संकल्प लिया और मोदी सरकार की तानाशाही पूर्ण नीतियों व लापरवाही से बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई।

# न्यू सीनियर सिटीजन ने धूमधाम से मनाया अपने सदस्यों का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: न्यू सीनियर** सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा हर माह की भाति इस माह भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 8 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान संस्था सदस्यों ने भजनों व कविता पाठ की शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शशी भूषण गुप्ता व डॉ. आशुतोष कुमार मौजूद रहे। मंच संचालन संस्था महासचिव महावीर गुप्ता ने किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड स्थित नंदीमल धर्मशाला में प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने अपने आठ सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने आठ सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियो ने श्याम सुंदर शर्मा, भीम सिंह वर्मा, संतोष गोयल, श्रीमती प्रेम गोयल, श्यामलाल शर्मा, सुभाष चंद्र तुशिर, निर्मला देवी, सुभाष चंद्र गर्ग के जन्मदिन के अवसर पर सबको माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी, और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघायु जीवन की कामना की। न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने बताया कि संस्था द्वारा हर महीने भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पढ़ने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में संस्था के आठ सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया मै सभी सदस्यों को संस्था की ओर से जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं देता हूं, और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं। इस दौरान संस्था सदस्यों द्वारा सुंदर कविता पाठ व भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. शशी भूषण गुप्ता व डॉ. आशुतोष कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में आने वाली समस्याओं का को सुना और उनका समाधान किया। संस्था द्वारा कार्यक्रम उपरांत सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, महासचिव महावीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल, शिवचरण गुप्ता सहित सभी सदस्य, पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा चुनाव 25 मई को बढ़-चढ़कर करें मतदानः डा. मनजीत दहिया

लोकसभा चुनाव

**श्रीश्री 1008 बाबा दुलीचन्द नाथ महाराज चांदी वाले ने मतदान लोकतंत्र को सबसे बड़ा पर्व बताया।**



**टीम एक्शन इंडिया/चरखी दादरी**
हरियाणा की प्रख्यात सामाजिक संस्था हरियाणा अम्बेडकर संघर्ष समिति द्वारा 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रख्यात समाज सेवी डा. मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति ने की। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा प्रदेश भर में मतदान जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें श्रीश्री 1008 बाबा दुलीचन्द नाथ महाराज चांदी वाले के मार्गदर्शन में खुशहाल भारत निर्माण के लिए मतदान अवश्य करने का संकल्प दिलवाया जा रहा है। समिति के मुख्य संरक्षक श्रीश्री 1008 बाबा दुलीचन्द नाथ महाराज चांदी वाले ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है, एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है ऐसे में मतदाता अधिक से अधिक मतदान करें। वहीं समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाज सेवी डा. मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति ने कहा कि चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है, यह अवसर हमें गवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। वहीं हरियाणा के प्रख्यात समाज सेवक रमेश ताले नांदल ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है ऐसे में युवा शक्ति को मत की ताकत को पहचान कर अपना मतदान करना चाहिए। वहीं समिति की प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं ऑल इंडिया महिला समाज सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्षा कौशल्या देवी ने मतदान जन जागरूकता अभियान को सफल बनाने में महिलाओं के योगदान को याद किया और कहा कि मतदान का अधिकार हम सभी को प्राप्त है। यह हमारे लिए एक सम्मान की बात है, इसलिए महिलाओं को भी मतदान स्वयं भी करना चाहिए तथा दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर देवी सिंह आसन, तेजा धामड़, समाज सेवी सूरजपाल गढ़ीखेड़ी वृद्धाश्रम रोहतक के सेवादार, तेजा हुड्डा, निक्कू राम, अनिल पुनिया, बंसी बैनीवाल, हनुमान, योगेश शर्मा, बृजलाल, युवा नेता विजय कश्यप लाखन माजरा अनेक समिति पदाधिकारियों तथा समिति के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत अधिकारी कर्ण सिंह पुनिया ने भी 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संकल्प दिलवाया और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# वृंदावन में पेट्रोल पंप पर बांट माप विभाग ने की छापेमार करवाई

कार्यवाही

**अधिकारियों ने शिकायत के आधार पर मशीनों की जांच की। जिसमें दो मशीनों में गड़बड़ी पाई गई।**



**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
वृंदावन की एक पेट्रोल पंप पर घटतौली की शिकायत के बाद बांट माप अधिकारियों ने मंगलवार की दोपहर आकस्मिक छापामार कार्यवाही की। अधिकारियों ने पेट्रोल पंप की मशीनों की जांच की। जिसमें दो मशीनों में कम तेल मापने का अंदेशा है। बताया जाता है कि नगर के एकमात्र पेट्रोल पंप पर काफी समय से घटतौली की शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही थीए लेकिन पेट्रोल पंप संचालक द्वारा इसे गंभीरता से न लेने पर विभागीय अधिकारियों को उपभोक्ताओं की जा रही धोखाधड़ी से अवगत कराया गया। वही आपको बताते चले पेट्रोल पंप से आए दिनों खुला पेट्रोल भी विक्रय किया जाता है। लोगों के द्वारा कैन बोतल में पेट्रोल भरवाया जाता है। वृंदावन स्थित पेट्रोल पंप पर खुलेआम पेट्रोल भरा जाता है। इस पर मंगलवार की दोपहर अचानक बांट माप अधिकारियों की टीम निरीक्षक पवन यादव के निर्देशन में पेट्रोल पंप पर पहुंची। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने शिकायत के आधार पर मशीनों की जांच की। जिसमें दो मशीनों में गड़बड़ी पाई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### 36 बिरादरी को 19 मई पहरावर परशुराम जन्मोत्सव का न्योता देने सिरसा पहुंचे जयहिंद

**सिरसा**
जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद मगलवार को सिरसा में 36 बिरादरी को जन्मोत्सव का चूल्हा न्यौत देने पहुँचे । इस मौके पर जयहिंद ने गीता भवन में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि आगामी 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और उसका न्योता 36 बिरादरी का भाईचारा 36 बिरादरी को घर -घर दे कर आएगा। देश में अयोध्या में श्री राम की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई गई है। पहरावर में 121 फीट भगवान-परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव रखी जाएगी। भगवान परशुराम की मूर्ति न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक होगी। सामाजिक योद्धाओं (36 बिरादरी) को जिन्होंने पहरावर की जमींन के लिए संघर्ष किया और समाज के हक की आवाज उठाते है उन्हे भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सम्मानित किया जायेगा । जयहिंद ने कहा कि सिरसा में नशे और अपराध की समस्या पर कहा कि आज नशा सिरसा के युवाओं को खा रहा है। लड़के ही नहीं अब तो लड़कियां भी इसका शिकार हो रही है। युवा नशे के इतने आदि हो चुके है कि वे इसके आगे उन्हें कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। आज चुनाव लड़ रहे कोई भी नेता इस मुद्दे पर बात नहीं कर रहा है। अशोक तंवर हो या कुमारी सैलजा हो नशे को खत्म करने और इसे रोकने के लिए कोई भी इस स्थानीय मुद्दे पर नहीं बोल रहा है। जनता चुनाव लड़ रहे इन उम्मीदवारों और पार्टी के नेताओं से सवाल करें कि वे नशे और अपराध क्यों नहीं बोल रहे है । जयहिंद ने कहा 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए । साथ ही जयहिंद ने कहा कि जन्मोत्सव में लोग अपनी शासन और प्रशासन से जुड़ी समस्याओं लेकर आयेंगे । समाधान के लड़ाई व लड़ेंगे । हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा । खाटू श्याम बाबा के आशीर्वाद से लोगों की आवाज उठाने का काम कर रहे है ।और आगे भी करते रहेंगे । पिछली साल भी सैकड़ों लोग अपनी समस्या लेकर जन्मोत्सव में आये थे और उनकी लगभग सभी समस्याओं का समाधान करवाया था। 19 मई को पहरावर में पूरे राज्य से 36 बिरादरी का भाईचारा आये, अपनी समस्या साथ लाए और भगवान परशुराम का आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण करें ।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने करवाई बीयू-सीयू-वीवीपैट की सप्लिमेंट्री रेंडमाईजेशन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
बीयू-सीयू तथा वीवीपैट की सप्लिमेंट्री रेंडेमाईजेशन करवाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि 16 व 18 मई को 85 प्लस आयुवर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग करवायेंगे। उन्होंने बताया कि जिन 85 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था, उनकी घर जाकर वोट डलवाई जाएगी। लघु सचिवालय में मंगलवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बीयू-सीयू तथा वीवीपैट की सप्लिमेंट्री रेंडेमाईजेशन करवाई गई। उन्होंने विस्तार से यूनिट रेंडेमाईजेशन की जानकारी दी।
ईवीएम प्रथम सप्लिमेंट्री रेंडेमाईजेशन के अंतर्गत 2103 बीयू तथा 218 सीयू और 227 वीवीपैट की रेंडेमाईजेशन की गई। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि मतदाताओं के साथ चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को भी मतदान का अवसर मिलेगा, जिसके लिए कर्मियों इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट इडीसी प्रदान किये गये है। ऐसे में यदि कहीं पर शत-प्रतिशत मतदान होता है तो इडीसी मतदान को मिलाकर उसमें बढ़ोतरी होगी, जिसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मतदाताओं से अपील भी की कि वे किसी किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। हर खबर की प्रामाणिकता अवश्य जांचें। साथ ही उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के लिए दो दिन निर्धारित किये गये हैं।
पहला दिन 16 मई है। इस दिन आवेदन करने वाले 85 प्लस तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान का अवसर दिया जाएगा। जो मतदाता पहले दिन मतदान नहीं कर पायेंगे उनको 18 मई को दोबारा मतदान का मौका दिया जाएगा।
होम वोटिंग के लिए पोलिंग पार्टी को माइक्रो ऑब्जर्वर तथा पुलिस के साथ दिव्यांग व 85 प्लस मतदाताओं के घर भेजा जाएगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रह सकते हैं।

## मुठभेड़ के बाद लूट की योजना बनाते तीन दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
मुठभेड़ के बाद मथुरा पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचाए कारतूस और लूट का सामान बरामद किया गया है। थाना हाईवे क्षेत्र में देवीपुरा के सुनार के साथ हुई लूट की घटना में शामिल गुलशन उर्फ गुलफाम पुत्र सलीम निवासी इस्लाम नगर साहू के तेल मिल के बराबर थाना एत्मादौला आगरा ;मुठभेड़ में घायलद्धए पुष्पेंद्र उर्फ जस्सा पुत्र मोहन सिंह निवासी जुनसुटी थाना हाईवे मथुरा हाल निवासी हंसराज कालोनी निधि स्कूल के पास थाना हाईवे तथा सतीश पुत्र हाकिम निवासी हंसराज कालोनी आरसीसी रोड थाना हाईवे मथुरा को गिरफ्तार किया गया।

# जांच के बाद पता चलेगा कि गोवर्धन में कैसी बिक रही मिठाई

छापेमारी

**.मिष्ठान भंडार सहित कई दुकानों के भरे खाद्य विभाग ने सैंपलए दूषित पेड़ा कराया नष्ट**



सभी खाद्य कारोबारी को बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि मुड़िया पूनो मेला में प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग नहीं करेंगे यदि दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
**.डॉण गौरी शंकर सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा**

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
गोवर्धन में कैसी मिठाई बिक रही यह जानने के लिए खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की और सैंपल किले। वहीं दूषित पेड़ को नष्ट कराया। आगामी समय में होने वाले मुड़िया पूनो मेले को दृष्टिगत रखते हुए गोवर्धन कस्बा में दानघाटी स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापमार कार्रवाई करते हुए सैम्पलिंग की कार्यवाही की गयी। दानघाटी स्थित पेडे मिठाई का विक्रय करने वाले गिर्राज पेडे वाले पंडित जी पेड़े वाले तथा यादव जी पेड़े वाली दुकानों पर सघन निरीक्षण कर संदेह के आधार पर एक एक नमूना संग्रहित किया गया साथ ही काफी मात्रा में दूषित पेड़ा मिठाई को को नष्ट कराया। दानघाटी स्थित गिरिराज जी के दुग्ध अभिषेक हेतु विक्रय होने वाले दूध की गुणवत्ता जांच हेतु विभिन्न ब्रांड जिसमें गतिक ब्रांडएअमूल ब्रांडए ऑरेंजेजब्रांडए पारस ब्रांडए मिल्कमैन ब्रांडए परम ब्रांडए प्रयाग ब्रांड एवं मिल्कमैन ब्रांड सभी कंपनियों के दूध के एक एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया । सभी खाद्य कारोबारियों को मीटिंग कर निर्देश दिए गए हैं खाद्य पदार्थों का विक्रय करते समय हेड कैप एप्रीन का उपयोग करें तथा मिठाइयों एवं सभी खाद्य पदार्थों को ढक कर रखें जिससे खाद्य पदार्थों को दूषित होने से बचाया जा सके। कार्यवाही के दौरान टीम में एसपी तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवराज सिंह धर्मेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह तथा और भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रहित में करें अपने वोट के अधिकार का प्रयोगः गंगाशंकर



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में मंगलवार को सेक्टर दो स्थित चहल चौक पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका विषय मतदाता परिष्कार रहा। बैठक में आरएसएस के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख गंगाशंकर मिश्र ने उपस्थित लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि जब जब राष्ट्र को आवश्यकता होती है। तब तब समाज का प्रबुद्ध वर्ग राष्ट्रहित में निकल कर सामने आता है और राष्ट्र को संबल प्रदान करता है और उसे सशक्त बनाता है। उन्होंने बताया कि आज की बैठक एक श्रृंखला का हिस्सा है, जिसमें प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ मिलकर सौ प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को बताया जा रहा है कि आपका मत बहुत कीमती है। इसके उचित प्रयोग से राष्ट्र का हित हो सकता है और अनुचित प्रयोग से अहित को बढ़ावा मिलेगा।

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर झूठी व भ्रामक पोस्ट डालने वाले पुलिस रडार पर हैं। ऐसे लोगों पर पुलिस पैनी नजर रख रही है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने मंगलवार को सभी थाना प्रभारी को सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखने को कहा है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव 25 मई को होने निर्धारित हैं।
चुनाव आयोग से मिले दिशा-निर्देशों की अनुपालना मे जींद जिले में शांति एवं सौहार्द के वातावरण में चुनाव संपन्न करवाना पुलिस का परम दायित्व है। ऐसे अवसर पर असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का भी सहारा लेते हैं।

# चुनाव प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से होगी जवाब-तलबी



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए दूसरे चरण की कार्यशाला स्थानीय डीएवी स्कूल में मंगलवार से शुरू हुई। इस कार्यशाला के पहले दिन 34 जुलाना व 35 सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने का जरूरी प्रशिक्षण दिया गया।
कार्यशाला में अतिरिक्त उपायुक्त एवं जुलाना विधानसभा क्षेत्र से एआरओ डा. हरीश वशिष्ठ ने निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई हिदायतों के अनुरूप सभी जरूरी जानकारी का होनी चाहिए। यदि किसी प्रकार का कोई संशय है तो उसको कार्यशाला में बार-बार पूछ लें।
जानकारी का अभाव परेशानी का सबब बन सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से जवाब तलब कर रिपोर्ट निर्वाचन आयोग के पास भेजी जाएगी। ऐसे में पोलिंग पार्टी में शामिल कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें।
कार्यशाला में सेवानिवृत नायब तहसीलदार खेमचंद सैनी और डा. सूरजमल ने अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान केंद्र की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट वीवीपैट यूनिट की जांच, मॉक पोल, मतदान सामग्री प्राप्त करना, मिलान करना व मतदान सामग्री की जांच करने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में अपनाए जाने वाले सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी।

# लायक बेटे की तरह की फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की सेवाः गुर्जर

का-

**श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हमने दस सालों में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
केंद्रीय राज्यमंत्री एवं भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने मंगलवार को अपने चुनावी अभियान के तहत गांव चांदपुर, मिर्जापुर, घरोड़ा, मंझावली, चीरसी, कांवरा कलां, महावतपुर, फरीदपुर में जनसंपर्क कर सभाओं को संबोधित किया। गांवों में सभाओं के दौरान श्री गुर्जर का ग्रामीणों ने पगड़ी बांधकर स्वागत कर उन्हें विजयी बनाने का आश्वासन दिया।
सभाओं को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र के लोगों के आशीर्वाद और प्यार की बदौलत ही आज वह इस मुकाम पर है। उन्होंने कहा कि 2009 में जब वह तिगांव से चुनाव लड़े थे तो यहां की जनता ने उन्हें मतरुपी आशीर्वाद देकर जिताकर विधानसभा में भेजा था, अगर उस दौरान वह विधायक नहीं बनते तो शायद देश की सबसे बड़ी पंचायत में नहीं पहुंचते। श्री गुर्जर ने कहा कि हमने दस सालों में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, तिगांव क्षेत्र की बात की जाए तो यहां नए सिरे से सडकों का निर्माण किया गया वहीं कालोनियों में सीवरेज लाईन व पानी इत्यादि की व्यवस्था करवाकर लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई मंझावली पुल पर बोलते हुए गुर्जर ने कहा कि हम किसानों की सहमति से जमीन लेते है, पहले रेट तय करते है, फिर जमीन लेते है और 300 लोगों से जमीन ली गई और जमीन लेने में हुई देरी के चलते पुल निर्माण में विलंब हुआ, लेकिन अब पुल पर रोड़ी डलनी शुरु हो गई है और एक महीने के अंदर यह पुल जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। गुर्जर ने कहा कि यह चुनाव देश की एकता, अखंडता तथा प्रभुता का चुनाव है, इसलिए इस चुनाव में भ्रष्टाचारियों को वोट की चोट से करारा जवाब देकर देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनानी है ताकि विकास का पहिया ऐसे ही पूरे देश में चलता रहे।

# नशा न केवल मनुष्य के मानसिक और शारीरिक पतन का कार॒अपितु चारित्रिक व नैतिक मूल्यों का करता है हननः डॉ. वर्मा





**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर सवार होकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 8 फरीदाबाद में पहुंचे और नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य आजाद की अध्यक्षता और उपस्थिति में यह कार्यक्रम आरम्भ हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी /उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश कि धरोहर है। उनके भविष्य का निर्माण समाज और राष्ट्र के लिए जिम्मेदारी है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो हरियाणा में अपने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रतिदिन जागरूक करने का काम भी कर रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति जागरूकता के अभाव में कुसंग का शिकार न हो और नशे की दलदल में न फंसे। इसीलिए समय से प्रत्येक व्यक्ति को नशे के दुर्गुणों से परिचित कराया जा रहा है।
यदि कोई व्यक्ति नशे के कारोबार में संलिप्त हो जाता है और पुलिस के रिकॉर्ड में उसका नाम लाल अक्षरों में लिखा जाता है जिससे उसका भविष्य अन्धकार में हो सकता है। नशा मनुष्य के मानसिक और शारीरिक पतन का कारण है अपितु नशा मनुष्य के चारित्रिक और नैतिक मूल्यों का भी हनन करता है। उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्स्टांस एक्ट 1985 के अंतर्गत अफीम चरस हेरोइन स्मैक चिट्टा एलएसडी नशे की गोलियां और टीके इत्यादि प्रतिबंधित नशे हैं जिनका सेवन, क्रय विक्रय, तस्करी, उत्पादन और निर्माण आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। यदि कोई व्यक्ति इन कार्यों में संलिप्त होता है तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने नशे की परिभाषा देते हुए कहा कि जहाँ एक और प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए बहुत अधिक घातक है वहीं दूसरी और शराब तम्बाकू आदि मनुष्य के लिए जानलेवा हैं। उन्होंने विश्व स्वस्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि प्रतिदिन तम्बाकू उत्पाद के कारण 3699 लोगों की मृत्यु हो रही है।
विस्तारपूर्वक नशे के दुष्परिणामों पर व्याख्या करके गीत, कविता और गायन के माध्यम से युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि नशा छोड़ने वाले व्यक्ति भी इससे छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन करते हुए कहा कि इस पर नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं दी जा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोड़ शमार्ना अच्छा स्वस्थ्य चाहिए तो साइकिल से करो आना जाना। प्राचार्य आजाद ने डॉ. वर्मा का धन्यवाद किया और छात्रों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया।
प्रवक्ता डॉ. बांके बिहारी ने विद्यार्थियों को कहा कि सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक नवीन गोयल सहित 297 शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 15 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# नरेलाः धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

- वक्ताओं ने भगवान परशुराम की महिमा का किया गुणगान
- आरके इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल में श्री ब्राह्मण सभा नरेला क्षेत्र द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें हजारों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से पहुंचे हजारों गणमान्य लोगों का स्वागत चंदन तिलक लगाकर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अशोक कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, सम्मानित अतिथि के रूप में वार्ड 2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज मौजूद रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता शर्मा मैनेजिंग डायरेक्टर आरके इंटरनेशनल स्कूल की मौजूदगी रही।

**मुख्य अतिथियों ने किया कार्यक्रम का शुभारंभः** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों का प्रतीक चिन्ह और पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान परशुराम को नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूरा कार्यक्रम परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गूंज रहा था।

**छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा समांः** कार्यक्रम में आर के इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा भगवान परशुराम जी के जीवन पर आधारित संस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा भगवान परशुराम की के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गई जिसे देख कार्यक्रम स्थल में मौजूद सभी अतिथिगण झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में मंच संचालन दीपक कौशिक और नरेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

**पंडित सत्यनारायण वत्स ने किया 'फरसा नृत्य':** कार्यक्रम की विशेषता ये रही कि 94 वर्षीय पंडित सत्यनारायण वत्स ने 'फरसा नृत्य' कर अपने अद्भुत कला का विहंगम प्रस्तुति पेश की और साबित कर दिया उम्र महज एक नंबर है। पंडित सत्यनारायण वत्स ने कहा कि मैं अपने आप को 70 साल का महसूस करता हूं अभी मुझे समाज के लिए बहुत कुछ करना है।

**वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी की महिमा का किया गुणगानः** कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी की महिमा का किया गुणगान और युवाओं से भगवान परशुराम के पद चिन्हों पर चलते हुए समाज कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया।

ब्राह्मण सभा नरेला क्षेत्र के अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने बताया कि अक्षय तृतीया जैसी पवित्र तिथि के दिन अवतरित हुए भगवान परशुराम जी इस तिथि की महानता के अनुरूप अजर- अमर हैं। ज्ञान ही वह संपत्ति है, जिसे कोई न तो छीन सकता है, न ही चुरा सकता है। किसी भी विपत्ति में ज्ञान ही हमारा मार्गदर्शक साबित होता है। गुणों से भरपूर भगवान हमें शिक्षा देते हैं कि सब कुछ चले जाने के बाद हमारे पास ज्ञान शेष रह जाता है।

वहीं, स्टैंडिंग कमेटी के पूव चेयरमैन मोहन भारद्वाज ने कहा कि भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के है, जिन्होंने मानव धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। हमें उनके दिखाये मार्गो का अनुपालन करना चाहिए।

वहीं, मांगेराम शर्मा, हमीरपुर वाले ने सभी को परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी। मांगेराम शर्मा ने कहा कि इस बार परशुराम जयंती केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि अन्य बिरादरियों के लोगों को भी साथ लेकर मनाई जा रही है। भगवान परशुराम जयंती एक बड़ा धार्मिक महत्व रखती है, क्योंकि यह दिन भगवान श्री परशुराम के जन्म का प्रतीक है। भगवान परशुराम जी का जन्म तृतीया तिथि को प्रदोष काल में हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनका जन्म अधर्मी, पापी और क्रूर राजाओं का नाश करने के लिए हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने संस्कार, संस्कृति बचाने के लिए भगवान परशुराम के आदर्शों को अंगीकार करना होगा, जिससे कि देश की संस्कृति व शिष्टाचार की शैली बरकरार रह सके। **भव्य भंडारे का किया गया आयोजनः** भव्य कार्यक्रम के उपरांत भक्तों के बीच विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

परशुराम रत्न के रूप में ये लोग रहे मौजूदः मांगेराम शर्मा हमीरपुर वाले, संरक्षक ब्रह्म फाउंडेशन ऑल इंडिया, आचार्य विद्या रत्न अध्यक्ष वैवाहिक बोर्ड दिल्ली एनसीआर, रामनारायण भारद्वाज पूर्व चेयरमैन नरेला जोन, मोहन भारद्वाज पूर्व चेयरमैन स्टैंडिंग कमेटी, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, सुखबीर कौशिक सरपंच सफियाबाद, सुरेंद्र गोड़ विंग कमांडर, नरेंद्र शर्मा चेयरमैन आरके इंटरनेशनल स्कूल, कौशिक सुपोत्र सूर्य कवि दादा लख्मीचंद, ओमप्रकाश वत्स प्रधान 360 पालम, डॉ अश्वनी शर्मा प्रधान पंजाबी ब्राह्मण सभा, महावीर शर्मा प्रधान 12 बख्तावरपुर, पं मांगेराम शर्मा संरक्षक ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा, हेमचंद्र अत्री प्रधान ब्राह्मण कल्याण समिति स्वतंत्र नगर, महेंद्र शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा खेड़ा, राधे श्याम शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा कटेवडा, राजकुमार शर्मा जनरल सेक्रेटरी जो दिल्ली एमसीडी कांट्रेक्टर एसोसिएशन, विनोद भारद्वाज पूर्व प्रत्याशी नगर निगम वार्ड 2, पंडित उमेद सिंह कौशिक पूर्व प्रधान सफियाबाद, पंडित रामानंद कौशिक पूर्व प्रधान सफियाबाद, पंडित चांदराम पूर्व प्रधान सफियाबाद।

**ये लोग रहे मौजूदः** कार्यक्रम में रमेश पाराशर, बनवारी लाल कौशिक, मोहित गुप्ता, आनंद खत्री, राजेश गुप्ता, प्रमोद नरवाल, जय भगवान शर्मा नरेला मंडी, हरपाल त्यागी नरेला मंडी सहित हजारों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



















**राजेश भारद्वाज, अध्यक्ष ब्राह्मण सभा नरेला क्षेत्रः** भगवान परशुराम का अवतार पृथ्वी पर अन्याय के प्रति न्याय का प्रतिपादन, दुष्टों का नाश तथा धर्म राज्य की स्थापना करने के लिए हुआ था। भगवान परशुराम के पिता का नाम जमदग्नि और माता का नाम रेणुका था।



**दिनेश भारद्वाज, निगम पार्षद बांकनेरः** पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री नारायण ने अपने छठे अवतार में परशुराम के रूप में अवतार लिया था। इस दौरान उन्होंने अन्याय अत्याचार के खिलाफ अस्त्र-शस्त्र उठाकर 21 बार धरती से आतातायी क्षत्रियों का संहार किया था।



**मोहन भारद्वाज, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैनः** भगवान परशुराम जी ने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हर ब्राह्मण को इस बात का फख है कि वह भगवान परशुराम जी का वंशज है।



**रामनारायण भारद्वाज, पूर्व चेयरमैन नरेला जोनः** भगवान विष्णु के छठे स्वरूप परशुराम ने धरती पर राजाओं द्वारा किए जा रहे अधर्म, पाप और जुल्म का विनाश करने के लिए जन्म लिया था। सात चिरंजीवी पुरुषों में से परशुराम एक हैं और वह अभी भी इस धरती पर जीवित हैं।

**सुनीता शर्मा, आर के मैमोरियल स्कूल, मैनेजिंग डायरेक्टरः** प्रत्येक व्यक्ति को समाज के लिए काम करना चाहिए। भगवान परशुराम जी के पद चिह्नों में चलते हुए मांस-मदिरा व नशे से कोसों दूर रहें। समाज के लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति गरीबों की मदद करे।



**डॉ. अश्विन शर्मा, नरेलाः** न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रतिमूर्ति महर्षि परशुराम की जयंती मनाई गई। भगवान परशुराम ने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। सभी को परशुराम जयंती की बधाई।



**मांगे राम शर्मा, हमीरपुर वालेः** भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के है, जिन्होंने मानव धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। हमें उनके दिखाये मार्गो का अनुपालन करना चाहिए।



**ओमप्रकाश वत्स, पालम 360 के प्रधानः** परशुराम भगवान विष्णु जी के छठे अवतार थे। महर्षि वेदव्यास, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में उनकी गिनती होती है, जिन्हें कलियुग तक अमर माना जाता है।

